Samyak
An Institute For Civil Services

# मासिक समसामयिकी

# करेंट अफेयर्स

## अप्रैल 2025

**विशेष आकर्षण**

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत




सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी




# INDEX


| | | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान समसामयिकी | 1 – 10 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 11 – 12 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 13 – 14 |
| 4 | अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 15 – 17 |
| 5 | अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 18 – 21 |
| 6 | खेल परिदृश्य | 22 – 24 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 25 – 27 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 28 – 29 |
| 9 | चर्चित स्थल | 30 – 34 |
| 10 | इंडेक्स एवं रिपोर्ट | 35 – 37 |
| 11 | महत्वपूर्ण दिवस | 38 –39 |


# करेंट अफेयर्स

## अप्रैल : 2025

Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur

# 1. राजस्थान समसामयिकी

## राजस्थान में वर्ष 2025-26 हेतु विधानसभा समितियों का गठन

- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 16वीं राजस्थान विधानसभा की वर्ष 2025-26 के लिए निम्न समितियों का गठन किया गया है।

| क्र. सं. | समिति | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| 1. | जनलेखा समिति | टीकाराम जूली |
| 2. | प्राक्कलन समिति 'क' | अर्जुन लाल जीनगर |
| 3. | प्राक्कलन समिति 'ख' | बाबू सिंह राठौड |
| 4. | राजकीय उपक्रम समिति | कालीचरण सर्राफ |
| 5. | सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति | वासुदेव देवनानी |
| 6. | नियम समिति | वासुदेव देवनानी |
| 7. | प्रश्न एवं संदर्भ समिति | संदीप शर्मा |
| 8. | महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति | कल्पना देवी |
| 9. | पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति | केसाराम चौधरी |
| 10. | अनुसूचित जाति कल्याण समिति | विश्वनाथ मेघवाल |
| 11. | अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति | फूलसिंह मीणा |
| 12. | गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति | हरिसिंह रावत |
| 13. | पुस्तकालय एवं सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति | जितेन्द्र कुमार गोठवाल |
| 14. | याचिका व सदाचार समिति | कैलाश चन्द वर्मा |
| 15. | विशेषाधिकार एवं अधीनस्थ विधान संबंधी समिति | नरेन्द्र बुडानियां |
| 16. | अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं पर्यावरण संबंधी समिति | दयाराम परमार |

- सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सदस्य बनाया गया है।

## राजस्थान में जल जीवन मिशन सहित 25 योजनाएँ फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल

- राज्य सरकार ने 11 अप्रैल 2025 को जल जीवन मिशन सहित 25 योजनाओं को फ्लैगशिप (अति महत्वपूर्ण) कार्यक्रम घोषित कर दिया।

1. नवीन परिवारों को NFSA से लाभांवित करना
2. कुसुम योजना – घटक ए, बी एवं सी
3. संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (Revamped Distribution Sector Scheme - RDSS)
4. लाड़ो प्रोत्साहन योजना
5. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना
6. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन
7. कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान
8. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
9. स्वामित्व योजना
10. मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0
11. अटल ज्ञान केंद्र
12. मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान
13. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
14. अटल प्रगति पथ
15. प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी
16. स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)
17. मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना
18. पीएम विश्वकर्मा योजना
19. मिशन हरियालो राजस्थान
20. जल जीवन मिशन
21. अमृत योजना
22. पंचगौरव योजना
23. प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण
24. पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना
25. नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी एवं पशु सखी

## हरित अरावली योजना

- घोषणा: राजस्थान बजट 2025-26 में अरावली ग्रीन वॉल परियोजना को गति देने हेतु "हरित अरावली योजना" की घोषणा की गई।
- लक्ष्य वर्ष: योजना का क्रियान्वयन वर्ष 2028-29 तक निर्धारित।
- लक्षित वनीकरण क्षेत्र: कुल 1,48,859 हेक्टेयर, जिसमें
    - उदयपुर: 18,495 हेक्टेयर (सबसे अधिक)
    - दौसा: 2,450 हेक्टेयर (सबसे कम)
- आवंटित बजट: ₹250 करोड़

**प्रमुख प्रावधान:**

- दुर्गम क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक से बीजों का छिड़काव
- ड्रोन संचालन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम
- सीसीटीवी कैमरे – अवैध गतिविधियों पर निगरानी के लिए
- फायर लाइन निर्माण – वनों को आग से बचाने हेतु
- सुरक्षा उपाय: कंक्रीट दीवार, कांटेदार तार, झाड़ीदार बाड़, चेन लिंक व सौर ऊर्जा संचालित बाड़ लगाई जाएगी

## एक मुश्त समाधान योजना – 2025

- घोषणा: राजस्थान बजट 2025-26 में

- उद्देश्य: राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड (RM-FDCC) के ऋणियों को राहत
- **दो चरणों में लागू:**
  - **प्रथम चरण: 1 मई – 30 सितम्बर, 2025**
  - 31 मार्च, 2024 तक के ओवरड्यू मूलधन का एकमुश्त भुगतान करने पर 100% ब्याज एवं दंड में छूट
  - **द्वितीय चरण: 1 अक्टूबर – 31 दिसंबर, 2025**
  - 31 मार्च, 2024 तक के भुगतान पर कुछ छूट
- मॉनिटरिंग: निगम मुख्यालय
- विवाद का निवारण: प्रबंध निदेशक, RM-FDCC, जयपुर का निर्णय अंतिम होगा

## राजीव गांधी शिक्षा भवन का नाम परिवर्तन

- नया नाम: पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर भवन
- स्थान: शिक्षा संकुल, राजस्थान
- कार्यालय: विद्यार्थी सेवा केंद्र, विद्या समीक्षा केंद्र, केंद्रीय मूल्यांकन के साथ राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद कार्यालय।

## EESL की ऊर्जा दक्षता पहल

- संस्थान: एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL)
- सहयोगी संस्था: राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड (RISL)
- उद्देश्य: ई-मित्र नेटवर्क के माध्यम से आमजन को ऊर्जा दक्ष समाधानों की जानकारी देना

## 8 नए जिलों के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

- जिले: फलौदी, बालोतरा, ब्यावर, सलूम्बर, डीग, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़
- अध्यक्ष: संबंधित जिले के कलेक्टर
- सह अध्यक्ष: जिला परिषद प्रमुख
- सदस्य: CEO जिला परिषद, SP व अन्य विभागों के अधिकारी

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना

- उद्देश्य: स्वस्थ ग्राम, समृद्ध राजस्थान की संकल्पना के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य प्रणाली को जन-भागीदारी से मजबूत करना।
- प्रकृति: जन-भागीदारी आधारित स्वास्थ्य मॉडल
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - हर ब्लॉक से एक ग्राम पंचायत चयनित की जाएगी जो 10 स्वास्थ्य संकेतकों पर 100% उपलब्धि दर्ज करेगी।
  - चयनित पंचायत को मिलेगा: प्रमाण-पत्र, ₹11 लाख की प्रोत्साहन राशि
  - मूल्यांकनकर्ता: कलेक्टर द्वारा नियुक्त अधिकारी + चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ
- **10 हेल्थ इंडिकेटर्स:**
  - टीबी मुक्त ग्राम पंचायत
  - 100% संस्थागत प्रसव
  - प्रसवपूर्व देखभाल – ANC पंजीकरण + 4 जांचें
  - बच्चों का 100% टीकाकरण
  - 100% हाइपरटेंशन व डायबिटीज स्क्रीनिंग
  - सभी पात्र नागरिकों के पास MAA योजना व PMJAY कार्ड
  - 100% तंबाकू मुक्त पंचायत
  - 60+ नागरिकों की नियमित जांच
  - मोतियाबिंद की 100% जांच व इलाज
  - खसरे का पूर्ण टीकाकरण

## राजस्थान सरकार की नई पहलें

- शुभारंभ: 14 अप्रैल, 2025 (भीमराव अंबेडकर जयंती)
- स्थान: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- संचालन: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
- **प्रमुख योजनाएँ:**
  - अम्बेडकर पंचतीर्थ योजना
  - SC/ST उद्यमियों को औद्योगिक भूखंड आवंटन
  - स्वच्छकारों हेतु सेफ्टी किट
  - SC/ST सफाई कर्मचारियों के लिए एक मुश्त समझौता योजना
  - मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की स्वीकृति
  - नशा मुक्ति केंद्रों का शुभारंभ
  - मस्कुलर डिस्ट्रोफी पीड़ितों को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर

## निरामय राजस्थान अभियान

- शुभारंभ: 07 अप्रैल, 2025 (विश्व स्वास्थ्य दिवस)
- स्थान: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- ध्येय वाक्य: "सर्वे सन्तु निरामय"
- उद्देश्य: राजस्थान में समग्र स्वास्थ्य सुधार के लिए बहुआयामी पहलों की शुरुआत
- **राज्य स्तर पर शुरू की गई प्रमुख पहलें:**
  - मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना
  - मिशन मधुहारी
  - मिशन लिवर स्माइल
  - हीमो डायलिसिस वार्ड
  - MAA योजना की मोबाइल एप व आयुष पैकेज
  - आई आधारित एकीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम
  - 29 स्तनपान प्रबंधन इकाइयाँ
  - ईट राइट राजस्थान अभियान
  - 24 राम रथ (मोबाइल मेडिकल यूनिट)
  - 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस

## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (MAA) योजना – नवीन पैकेज

- नई सेवाएँ: पहली बार आयुर्वेदिक सेवाएँ व रोबोटिक सर्जरी को शामिल किया गया
- कुल नए पैकेज: 132, जिनमें—

- 20 पैकेज: नि:शुल्क आयुर्वेदिक इलाज
- 39 पैकेज: रोबोटिक सर्जरी (केवल SMS हॉस्पिटल, जयपुर)

**रोगवार पैकेज वर्गीकरण:**

| क्षेत्र | पैकेज की संख्या |
|---|---|
| वृद्धावस्था देखभाल | 5 |
| किशोर मानसिक स्वास्थ्य | 2 |
| ओरल कैंसर (होंठ, जीभ, आदि) | 14 |
| दिव्यांगों के लिए | 15 |
| आयुर्वेदिक सेवाएं | 20 |
| रोबोटिक सर्जरी | 39 |
| न्यूरो सर्जरी | 7 |
| प्लास्टिक/स्किन ट्रांसप्लांट | 3 |
| कार्डियक वस्कूलर सर्जरी | 27 |

## हीटवेव इंश्योरेंस योजना (तापमान बीमा योजना)

- लॉन्च: गर्मी के मौसम में श्रमिक महिलाओं को राहत हेतु
- संयोजन: Climate Resilience for All (CRA) + Self-Employed Women Association (SEWA)
- उद्देश्य: अत्यधिक गर्मी में काम न कर पाने की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान करना
- लाभार्थी महिलाएँ: खुले में काम करने वाली महिलाएं – फल/सब्ज़ी विक्रेता, खेतिहर मजदूर आदि
- **लाभ का दायरा:** वर्ष 2025 में 6 राज्यों की 2.5 लाख महिलाएं
- राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, असम, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, बिहार
- प्रीमियम: $6, जिसमें 1/3 महिलाएं स्वयं देती हैं; शेष CRA वहन करता है
- पायलट प्रोजेक्ट (18–25 मई 2024): राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में
- 50,000 महिलाएं शामिल, 92% को ₹400 से ₹1600 तक की सहायता राशि

## सरस मायरा योजना

- लॉन्च: 5 अप्रैल, 2025 (जयपुर डेयरी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर)
- लॉन्च संस्था: जयपुर डेयरी
- उद्देश्य: ग्रामीण महिला सशक्तीकरण
- **लाभ:**
  - दुग्ध उत्पादक समिति के सदस्यों की अधिकतम 2 बेटियों की शादी में
  - ₹21,000 तक आर्थिक सहायता
  - विस्तार: जयपुर डेयरी मॉडल के आधार पर सम्पूर्ण राजस्थान में लागू
- विशेष तथ्य: जयपुर डेयरी देश की एकमात्र सहकारी डेयरी है जहाँ 80% से अधिक समितियाँ महिलाएं संचालित करती हैं

## डेयरी रूफटॉप सोलर प्लांट योजना और बायो-फ्लेक्सी प्लांट स्कीम

- लॉन्च संस्था: सरस जयपुर डेयरी (जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ)
- उद्देश्य: ग्रीन एनर्जी, ऊर्जा संरक्षण और जैविक कचरे से गैस उत्पादन को बढ़ावा देना
- **सोलर योजना:**
  - जयपुर और दौसा जिले की 3400 समितियों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जाएंगे
- **बायो-फ्लेक्सी प्लांट स्कीम:**
  - घरेलू जैविक कचरे से फ्री रसोई गैस उत्पादन
  - प्रति समिति को ₹5000 की सब्सिडी
  - उत्पादन क्षमता: 1.5 गैस सिलेंडर/माह

## राजस्थान योजनावार बजट आवंटन (वित्तीय वर्ष 2025-26)

- कुल बजट: ₹5.37 लाख करोड़
- वृद्धि: ₹38,337 करोड़ (पिछले संशोधित अनुमानों से अधिक)

**सर्वाधिक राशि वाली योजनाएँ:**

| योजना | अनुमानित राशि |
|---|---|
| घरेलू-किसान मुफ्त बिजली योजना | 30,000 करोड़ रुपए |
| वृद्धजन-दिव्यांग पेंशन योजना करीब | 11,000 करोड़ रुपए |
| राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना | 4,000 करोड़ रुपए |
| मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | 3,000 करोड़ रुपए |
| नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना | 1,500 करोड़ रुपए |
| किसान सम्मान निधि योजना | 700 करोड़ रुपए |
| पालनहार योजना योजना | 800 करोड़ रुपए |

## अमराराम गुर्जर

- बैच: IFS – 2008
- नई नियुक्ति: भारत के हाई कमिश्नर – मलावी (अफ्रीका)
- वर्तमान पद: उप राजदूत – इटली
- पूर्व में: पुर्तगाल सहित अन्य देशों में कार्य
- जन्मस्थान: पाली जिला, राजस्थान

## मोहिनी दीदी – ब्रह्मकुमारीज की नई मुख्य प्रशासिका

- पद: राजयोगिनी मोहिनी दीदी को ब्रह्मकुमारीज संस्थान की 6वीं मुख्य प्रशासिका नियुक्त किया गया।
- पूर्व पद: 4 वर्षों तक अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका रही हैं।

## न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी – 23वें विधि आयोग के अध्यक्ष

- घोषणा तिथि: 15 अप्रैल 2025
- कार्यकाल: 3 वर्षों के लिए
- अधिसूचना: 2 सितंबर 2025 को जारी
- **सदस्य:**
  - हितेश जैन (विधि विशेषज्ञ – दीवानी, फौजदारी, वाणिज्यिक, संवैधानिक कानून)
  - प्रो.डी.पी. वर्मा (22वें विधि आयोग के सदस्य भी रहे हैं)

**न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी :**
- जन्म: 15 मई, 1958 – उदयपुर, राजस्थान
- राजस्थान हाईकोर्ट जज: 2 सितंबर, 2004
- राज. न्यायिक अकादमी अध्यक्ष
- मेघालय और कर्नाटक HC के मुख्य न्यायाधीश
- SC जज नियुक्ति: 18 जनवरी, 2019
    - सेवानिवृत्ति: 14 मई, 2023

### सुरेंद्र सिंह गुर्जर
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में ज्यूरी सदस्य
- आयोजन: खेलो इंडिया यूथ गेम्स, मई 2025 – भागलपुर, बिहार
- स्पर्धा तिथियाँ: 4–7 मई (तीरंदाजी)
- पद: ज्यूरी मेम्बर (भारतीय तीरंदाजी संघ द्वारा नियुक्त)

### अशोक कुमार शर्मा
- पद: उपाध्यक्ष, एमेच्योर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया
- चयन: निर्विरोध

### दीपेंद्र सिंह खँगारोत
- राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष बने
- **पदाधिकारी (राजस्थान तीरंदाजी संघ):**
    - चेयरमैन: जवाहर सिंह बेढम
    - महासचिव: सुरेंद्र सिंह गुर्जर
- कार्यकाल: 4 वर्ष (राजस्थान खेल अधिनियम 2005 के अनुसार)

### अविनाश त्रिपाठी
- जयपुर, राजस्थान से है।
- भारत की ओर से कांस फिल्म फेस्टिवल (13 मई 2025 से, 10-दिवसीय)
- अफ्रीकी फिल्मकारों, निर्देशकों, लेखकों को संबोधित करेंगे
- विशेषज्ञता: लेखन, कहानी कला, शॉर्ट फिल्में

### विनय कुमार दलेला
- नवीन नियुक्ति: मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान सरकार
- पूर्व पद: जयपुर विकास प्राधिकरण में निदेशक (आयोजना)

### राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी – निधन
- पद: मुख्य प्रशासिका – ब्रह्मकुमारी आश्रम
- निधन: 7 अप्रैल 2025, आयु: 101 वर्ष
- जन्म: 25 मार्च 1925 – सिंध हैदराबाद

### राजस्थान की पहली पिंक PHC
- स्थान: खंडिया, झालावाड़ जिला
- शुभारंभ: 10 अप्रैल 2025, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा
- **विशेषताएँ:**
    - पिंक थीम: भवन, उपकरण, स्टाफ ड्रेस कोड
    - महिला-केन्द्रित: पूरा स्टाफ महिलाएं
    - पिंक PHC का अर्थ: महिला डॉक्टर व स्टाफ द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्र

### झालावाड़ में हवाई सेवा की शुरुआत
- स्थान: कोलाना एयरपोर्ट, झालावाड़
- शुभारंभ तिथि: 12 अप्रैल 2025
- नाम: पंडित दीन दयाल उपाध्याय हवाई अड्डा
- रनवे: लंबाई: 3,120 मीटर, चौड़ाई: 60 मीटर
- बोइंग 747 जैसे जंबोजेट भी उतरने योग्य
- उत्तर भारत का तीसरा सबसे लंबा रनवे (जालंधर और कुशीनगर के बाद)

### कृष्ण गमन पथ – राजस्थान के 8 मंदिर शामिल
- परियोजना: कृष्ण गमन पथ (मथुरा से उज्जैन तक)
- संयुक्त निर्माण: उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश सरकार
- उद्देश्य: धार्मिक पर्यटन + सांस्कृतिक विरासत संरक्षण

**राजस्थान के 8 मंदिर:**
1. श्री बिहारीजी मंदिर – भरतपुर
2. कैलादेवी (झील का बाड़ा) – बयाना
3. जगन्नाथ मंदिर – कैमरी (करौली)
4. मदनमोहनजी मंदिर – करौली
5. त्रिनेत्र गणेशजी – रणथंभौर
6. केशवरायजी महाराज मंदिर – बूंदी
7. मथुराधीश मंदिर – कोटा
8. द्वारकाधीश मंदिर – झालरापाटन (झालावाड़)

- राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष: ओंकार सिंह लखावत

### पुष्कर ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर परियोजना
- स्थान: पुष्कर, अजमेर
- उद्देश्य: ब्रह्मा मंदिर क्षेत्र को प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना
- निर्माण अवधि: तीन चरणों में, 2027-28 तक
- अयोध्या व काशी कॉरिडोर की तर्ज पर निर्माण
- **प्रमुख कार्य:**
    - ब्रह्म मंदिर से ब्रह्म घाट तक ओपन पाथवे
    - 52 घाटों पर संगमरमर की छतरियाँ
    - परिक्रमा मार्ग का भीड़ प्रबंधन के अनुसार आधुनिकीकरण

### आईआईटी जोधपुर
- घोषणा: राजस्थान का पहला नो व्हीकल ज़ोन संस्थान घोषित
- लाभार्थी: लगभग 5000 छात्र, स्टाफ और फैकल्टी केवल साइकिल का उपयोग करते हैं
- उद्देश्य: नॉन मोटराइज्ड और कार्बन मुक्त कैंपस विकसित करना
- **महत्वपूर्ण पहलें:**
    - 1 मेगावाट रूफटॉप सोलर सिस्टम
    - वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट व रिसाइक्लिंग सिस्टम
    - GRIHA (ग्रीन रेटिंग) से 5-स्टार रेटिंग

## जयपुर में एआई आधारित एस्टर संस्थान का शुभारंभ

- नाम: एडवांस्ड इंजीनियरिंग स्टडीज, टेक्निकल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एस्टर)
- स्थान: सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय (SGVU), जयपुर
- राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय आधारित एआई केंद्रित संस्थान
- उद्देश्य – शोध, नवाचार और व्यावहारिक AI उपयोग से भविष्य के प्रोफेशनल तैयार करना

## उत्तर पश्चिम रेलवे जोन – कवच 4.0 की स्थापना

- कवच 4.0: स्वदेशी ट्रेन कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम
- लंबाई: 1586 किमी ट्रैक पर होगा कवच सिस्टम
- लागू क्षेत्र (हाई रिस्क ज़ोन): रेवाड़ी – जयपुर, अजमेर – पालनपुर, अजमेर – चित्तौड़गढ़ – उदयपुर, फुलेरा – जोधपुर – लूणी – रामदड़ी
- **मुख्य कार्यक्षमताएँ:**
  - आमने-सामने आने वाली ट्रेनों को टकराने से रोकना
  - स्पीड लिमिट क्रॉस होने पर लोको पायलट को अलर्ट
  - पायलट ध्यान न देने पर स्वतः ब्रेक लगाकर ट्रेन को नियंत्रित करना

## जयपुर मेट्रो – चरण II (सीतापुरा से सीकर रोड)

- लंबाई: 36 किमी
- रूट: सीतापुरा से टोड़ी मोड़ (सीकर रोड)
- 32 किमी एलिवेटेड, एयरपोर्ट क्षेत्र भूमिगत
- लागत: ₹10,000 करोड़ (अनुमानित)
- स्टेशन योजना: प्रत्येक किमी पर एक स्टेशन प्रस्तावित
- **कॉरिडोर डिटेल:**
  - सीतापुरा से पिंजरापोल गौशाला तक – एलिवेटेड
  - गौशाला से आगे – भूमिगत रूट

## राजस्थान में क्लाइमेट चेंज रिसर्च सेंटर बनेगा

- उद्देश्य: रेगिस्तानी जलवायु में परिवर्तन और उसके प्रभावों का अध्ययन
- **विशेष अध्ययन विषय:** अतिवृष्टि, सूखा, हीटवेव, अत्यधिक गर्मी व सर्दी
- सुविधा: अत्याधुनिक लैब और उपकरणों से युक्त अनुसंधान केंद्र

## राज्य स्तरीय संग्रहालय जयपुर में बनेगा

- संस्थान: राजस्थान पर्यटन विभाग
- **उद्देश्य:** राज्य की रियासतकालीन धरोहर, लोककला व संस्कृति को प्रदर्शित करना, पर्यटन व सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना।
- इससे पर्यटक राजस्थान की समृद्ध परंपराओं से परिचित हो सकेंगे

## 1.3 गीगावॉट सोलर प्लांट

- जैसलमेर (भिणाजपुरा, पोकरण) में।
- कंपनी: ReNew (रिन्यू) – अग्रणी स्वच्छ ऊर्जा कंपनी
- शुभारंभ: 17 अप्रैल 2025
- देश का पहला पूर्ण "मेक इन इंडिया" सोलर प्लांट
- उत्पादन: 2490 मिलियन यूनिट/वर्ष

## चंबल नदी पर 2.3 किमी लंबा एक्वाडक्ट

- परियोजना: संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी प्रोजेक्ट
- स्थान: चंबल नदी पर, पीपलदा समेल गांव से गोहाटा गांव तक
- **उद्देश्य:** कालीसिंध नदी से पानी लिफ्ट कर मेज नदी में प्रवाहित करना, जल प्रबंधन व कृषि सिंचाई में सुधार

## खेड़ा रसूलपुर का नाम बदला गया

- पुराना नाम: खेड़ा रसूलपुर
- नया नाम: खेड़ा रामपुर
- स्थान: लाडपुरा तहसील, कोटा जिला
- घोषणा: राजस्व विभाग द्वारा नोटिफिकेशन जारी

## इलेक्ट्रॉनिक कस्टम जाँच प्रणाली (रत्न व आभूषण) की शुरुआत

- जयपुर एयरपोर्ट पर।
- शुभारंभ तिथि: 1 मई 2025
- सुविधा: रत्न और आभूषणों के व्यक्तिगत आयात/निर्यात के लिए इलेक्ट्रॉनिक कस्टम प्रोसेसिंग
- उद्देश्य: व्यापारियों के लिए प्रक्रिया आसान बनाना, 24 घंटे पूर्व इलेक्ट्रॉनिक बिलिंग संभव।
- देश के अन्य 9 एयरपोर्ट पर भी यह सुविधा लागू

## दुर्लभ खनिज की खोज

- स्थान: सिवाना की पहाड़ियाँ, बालोतरा
- विभाग: परमाणु ऊर्जा विभाग
- खोज: 1,11,845 टन Rare Earth Oxides (REO)
- **उद्देश्य:** राष्ट्रीय महत्त्व के खनिज मिशन के तहत खोज, रणनीतिक और तकनीकी उद्योगों के लिए खनिज आत्मनिर्भरता।

## अरुण हसीजा

- एलेट्स स्मार्ट गवर्नमेंट एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित।
- श्रेणी: स्मार्ट ई-गवर्नेंस थ्रू डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर
- कारण: आईटी आधारित ई-गवर्नेंस सुधार व डिजिटल कार्य क्षमता के लिए
- पद: CEO – जयपुर स्मार्ट सिटी, आयुक्त – हेरिटेज नगर निगम

## विप्र गोयल

- डॉ. बी.एम.एल. मुंजाल सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित।
- उपलब्धि क्षेत्र: वर्षा जल संरक्षण
- **महत्वपूर्ण योगदान:**
  - कूकस: 10 करोड़ लीटर भूजल पुनर्भरण क्षमता, 200 एकड़ भूमि सिंचित
  - छारेड़ा (दौसा): 30 करोड़ लीटर पुनर्भरण क्षमता, 312.5 एकड़ भूमि सिंचित

### निर्मला रावत

- सम्मान: सहमेत्रेई पदक, वर्ल्ड पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप – कंबोडिया
- पद: अध्यक्ष, वर्ल्ड पैरा थ्रो बॉल संघ
- कारण: पैरा खेलों में उल्लेखनीय योगदान

### जयपुर रग्स

- एले डेको इंटरनेशनल डिज़ाइन अवॉर्ड दिया गया।
- भारत से केवल जयपुर रग्स को यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार
- श्रेणी: फ्लोर कवरिंग – बेहतरीन डिज़ाइन
- जयपुर रग्स – भारत की प्रमुख कालीन निर्माता कंपनी

### दीया कुमारी

- टाइकून ग्लोबल मैगज़ीन के कवर पर स्थान मिला।
- मार्च 2025 अंक में कवर पेज पर स्थान
- पद: डिप्टी सीएम, राजस्थान
- प्रस्तुति विषय: शाही विरासत से लेकर आधुनिक शासन तक की यात्रा

### रूप कुमार राठौड़

- उस्ताद गुलाब खां अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया।
- प्रख्यात बॉलीवुड ग़ज़ल गायक
- सम्मान स्वरूप: ₹1 लाख नकद, शॉल, श्रीफल, ट्रॉफी, प्रशस्ति-पत्र व साफा

### वित्तीय साक्षरता के लिए MoU

- Public Financial Management and Training Institute (PFMATI) और Centre for Investment Education & Learning (CIEL) के बीच।
- उद्देश्य: राजकीय अधिकारियों में वित्तीय अनुशासन, निवेश, टैक्स, ऑडिट आदि विषयों पर साक्षरता बढ़ाना
- लाभ: पारदर्शी, कुशल और जागरूक वित्तीय प्रशासन को बढ़ावा

### RCDF और राष्ट्रीय महिला आयोग – समझौता

- तिथि: 5 अप्रैल 2025
- उद्देश्य: राजस्थान की दुग्ध उत्पादक महिलाओं का सशक्तीकरण
- प्रमुख पहलें: विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, महिला-केंद्रित नवाचार को बढ़ावा

### वैभव सूर्यवंशी

- पुरुष T-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाया। (उम्र: 14 वर्ष) (35 गेंदों में)
- टीम: राजस्थान रॉयल्स
- स्थान: सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर
- पुराना रिकॉर्ड: यूसुफ पठान – 37 गेंदों में शतक (2010, मुंबई इंडियंस के विरुद्ध)
- नोट: IPL का सबसे तेज शतक – क्रिस गेल (30 गेंद)

### यशवीर सिंह

- भाला फेंक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप
- चयन: भारतीय टीम – एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (स्थान: दक्षिण कोरिया)
- हालिया प्रदर्शन: सीनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, कोच्चि – रजत पदक विजेता

### हृदान सरावगी

- जूनियर गोल्फ वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालिफाई
- चयन का आधार: US Kids Golf India Tour में उत्कृष्ट प्रदर्शन
- प्रतिनिधित्व: भारत

### मानिनी कौशिक

- शूटिंग में स्वर्ण पदक
- प्रतियोगिता: कुमार सुरेंद्र सिंह स्मृति शूटिंग चैंपियनशिप, दिल्ली
- इवेंट: 50 मीटर राइफल प्रोन (महिला वर्ग)
- सिफत कौर – रजत, सुरभि – कांस्य
- पूर्व उपलब्धि: एशियन गेम्स (चीन) में रजत पदक विजेता

### राजस्थान – इंडियन ओपन रिले कंपटीशन में 3 पदक

- स्थान: चंडीगढ़
- प्रतियोगिता: दूसरी इंडियन ओपन रिले चैंपियनशिप

| स्पर्धा | पदक | प्रतिभागी (टीम सदस्य) |
|---|---|---|
| 4×100 मीटर रिले (बालिका वर्ग) | रजत | कृतिका राठौड़, सोनू रावत, पूनम, अनकार चौधरी |
| 4×100 मीटर मिक्स रिले | कांस्य | हर्षिका, नीतू चौधरी, नीतेश, धर्मराज जाखड़ |
| 4×100 मीटर रिले (बालक वर्ग) | कांस्य | सौरभ टांक, गौरव यादव, राजकुमार, अनंत विजेता |

### रणजीत गुर्जर

- वर्ल्ड पैरा थ्रो बॉल में कांस्य पदक जीता।
- गांव कैमरी, जिला करौली से है।

### फजल अहमद

- राजस्थान कैरम चैंपियनशिप विजेता
- इवेंट: सिंगल्स फाइनल
- विरुद्ध: अंसार (टोंक) | स्कोर: 25-6, 25-11

### 7वीं यूथ पुरुष एवं महिला नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप (ग्रेटर नोएडा, यूपी)

- पुरुष वर्ग (टीम स्वर्ण): SSCB (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड)
    - पदक: 6 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य
- महिला वर्ग (टीम स्वर्ण): हरियाणा
    - पदक: 3 स्वर्ण, 5 रजत

**टीम रैंकिंग:**

1. हरियाणा
2. दिल्ली
3. राजस्थान

## 68वें नेशनल स्कूल गेम्स – बॉक्सिंग प्रतियोगिता (दिल्ली)

**टीम रैंकिंग:**

1. दिल्ली
2. हरियाणा
3. राजस्थान

**राजस्थान पदक विजेता:**

- साहिल चौधरी: 50 किग्रा – स्वर्ण
- अनीराज चौधरी: 38 किग्रा – रजत
- जयंत धांधी: 36 किग्रा – रजत
- उत्कर्ष शर्मा: 42 किग्रा – कांस्य

## जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट (दूसरा संस्करण)

- विजेता: अरुण कटारिया (उदयपुर, राजस्थान)
- सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी: वेदिका पाल (राजस्थान) – 6 अंक
- वरिष्ठ पुरुष खिलाड़ी: जीबी जोशी (दिल्ली)
- राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: राज कपूर

## सातवीं यूथ महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप – नोएडा (उत्तर प्रदेश)

- राजस्थान टीम पदक: 5 पदक (2 स्वर्ण, 3 कांस्य)
- टीम रैंकिंग: तीसरा स्थान
- **स्वर्ण पदक विजेता:**
  - सुमन कुमारी – 48 किग्रा
  - निशा – 54 किग्रा
- **कांस्य पदक विजेता:**
  - सन्नू कुमारी – 51 किग्रा
  - अनीशा – 80 किग्रा
  - प्रियल – +80 किग्रा
- राजस्थान बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष:- धीरेंद्र सिंह

## मुस्कान कोठोत्या – ताइक्वांडो में रजत पदक

- प्रतियोगिता: ऑल इंडिया ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 (WTCA)
- स्थान: अहमदाबाद
- वर्ग: 47 किग्रा

## लक्षिता – डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक

- प्रतियोगिता: दक्षिण एशिया अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप
- स्थान: सऊदी अरब

## ऑल इंडिया ब्रह्मपुत्र ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट – गुवाहाटी

- राजस्थान के अवलोकित सिंह ने 22 अप्रैल को को गुवाहाटी में संपन्न 5वीं ऑल इंडिया ब्रह्मपुत्र ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में लड़कों के अंडर-19 वर्ग में रजत पदक जीता।
- लड़कों के अंडर-13 वर्ग में धैर्य गोगिया ने कांस्य पदक जीता।
- लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में राशि चौधरी ने कांस्य पदक जीता।

## अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता

- आयोजन स्थल: कोटा (राजस्थान)
- इसमें हरियाणा 16 स्वर्ण पदकों के साथ पहले स्थान पर रहा।
- इसके अलावा दिल्ली 6 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 3 स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- राजस्थान ने 1 स्वर्ण और 7 कांस्य पदक जीते।

## राष्ट्रीय यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप – पुडुचेरी

- संस्करण: 40वीं राष्ट्रीय यूथ प्रतियोगिता
- तिथि: 9–16 अप्रैल 2025
- आयोजन: भारतीय बास्केटबॉल महासंघ व पुडुचेरी संघ
- **राजस्थान का प्रदर्शन:** रजत पदक जीता।
  - पुरुष वर्ग फाइनल: तमिलनाडु से हार (85–96)
- बेस्ट स्कोरर: अरमान मटोरिया (राजस्थान)

## वॉटर पोलो कप हेतु एमओयू

- मेयो कॉलेज और भारतीय तैराकी संघ के बीच।
- **समझौता:**
  - 3 वर्षों तक अंडर-21 वॉटर पोलो कप का आयोजन
  - स्थानीय व तकनीकी खर्च: मेयो कॉलेज
  - टीमों के रहने-खाने का खर्च: भारतीय तैराकी संघ

## ओजस्विनी सारस्वत

- केन्सविल गोल्फ कोर्स (अहमदाबाद) में 6वां राष्ट्रीय खिताब जीता।
- वर्ष 2024 में सभी 5 राष्ट्रीय गोल्फ खिताब जीते
  - IGU महाराष्ट्र लेडीज एंड जूनियर गर्ल्स चैंपियनशिप – पुणे
  - IGU ऑल इंडिया लेडीज एंड जूनियर गर्ल्स चैंपियनशिप – विशाखापत्तनम
- **अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन:**
  - US Kids World Championship 2024 (पाइनहर्स्ट, नॉर्थ कैरोलिना): द्वितीय स्थान
  - Asian Junior Masters 2024 (थाईलैंड): खिताब विजेता

## वत्सल मेहता

- SGFI द्वारा मणिपुर में आयोजित 68वें स्कूल नेशनल गेम्स में अंडर 17 आयु वर्ग में वत्सल मेहता ने वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीता।
- वत्सल ने 81 किलो भार वर्ग में स्नैच में 115 किलो और क्लीन एंड जर्क में 148 किग्रा सहित कुल 263 किलो वजन उठाया।

## कैडेट यूरोपियन जूडो कप 2025

- जार्जिया की राजधानी त्बिलिसी में 12-13 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाली कैडेट यूरोपियन जूडो कप के लिए राजस्थान के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया।
- राजस्थान से तानिया राठौर 40 किग्रा एवं बबनूर सिंह बराड़ 100 किग्रा से अधिक भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- चयन का आधार: जनवरी 2025, पूना में राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

## खेलो इंडिया वूमेन नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट (दूसरा संस्करण)

- तिथि: 18–19 अप्रैल 2025
- स्थान: शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर
- आयोजक: राजस्थान तीरंदाजी संघ

## राजस्थान वुशू टीम ने 9 पदक जीते

- प्रतियोगिता: खेलो इंडिया विमेन लीग (गांधीनगर)
- पदक कुल: 9 पदक (1 स्वर्ण, 3 रजत, 5 कांस्य)
- आयोजन: भारतीय वुशू संघ व SAI

**पदक विजेता:**

- **स्वर्ण पदक:** अलमास अली।
- **रजत पदक:** प्रियांशा चौधरी, खुशी शर्मा, सुनीता।
- **कांस्य पदक:** मित्तल कुमारी , पायल भाटी, चित्राक्षी चौहान, आराध्या, हिमांगी नेगी।

## प्रकृति शर्मा

- कैडेट फेंसिंग वर्ल्ड चैम्पियनशिप (चीन) में चयनित
- आयु वर्ग: अंडर-17
- स्थान: चीन, अप्रैल 2025

## मुकेश चौधरी

- वर्ल्ड कप वुशू (चीन) में स्वर्ण पदक जीता।
- प्रतियोगिता: 10वीं वर्ल्ड कप वुशू प्रतियोगिता
- स्थान: जियांगियन, चीन
- वर्ग: 75 किग्रा भारवर्ग

## आराध्या मिश्रा

- अंडर-10 टेनिस चैंपियन
- प्रतियोगिता: प्रो टेनिस अंडर-10 चैंपियनशिप
- स्थान: जयपुर
- आयोजक: AITA व प्रोफेशनल टेनिस क्लब
- लगातार दूसरा अंडर-10 खिताब जीता।

## राजस्थान बालिका हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीता

- प्रतियोगिता: 47वीं जूनियर नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल चैंपियनशिप
- आयोजन: लखनऊ में।
- राजस्थान व महाराष्ट्र – संयुक्त तीसरा स्थान
- इसमें मेजबान उत्तर प्रदेश चैम्पियन बनी और हिमाचल दूसरे स्थान पर रही।

## राजस्थान बालिका कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीता

- प्रतियोगिता: 34वीं सब-जूनियर नेशनल गर्ल्स कबड्डी चैंपियनशिप
- स्थान: गया, बिहार
- फाइनल में हरियाणा को हराया।

## राजस्थान ने जूडो में 6 पदक जीते

- जूनियर राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता (देहरादून)
- पदक कुल: 6 पदक (2 रजत + 4 कांस्य)

| पदक | खिलाड़ी | वर्ग |
|---|---|---|
| रजत | हिमांशी विश्नोई | महिला – 44 किग्रा |
| रजत | यश यादव | पुरुष – 100 किग्रा |
| कांस्य | बलराज सिंह | पुरुष – 66 किग्रा |
| कांस्य | आराध्या चोपड़ा | महिला – 90 किग्रा |
| कांस्य | साजन | पुरुष – 90 किग्रा |
| कांस्य | विष्णु शर्मा | पुरुष – 100 किग्रा |

## सिद्धांत जायसवाल

- राष्ट्रीय घुड़सवारी में कांस्य पदक
- प्रतियोगिता: सीनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता
- स्थान: RVC सेंटर, मेरठ
- वर्ग: वन स्टार कैटेगरी

## राजस्थान ग्रामीण बैंक – नवगठित बैंकिंग इकाई

- प्रारंभ तिथि: 1 मई 2025
- विलय: राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक,
- क्षेत्र: सम्पूर्ण राजस्थान
- शाखाएं: कुल 1593 शाखाएं
- अध्यक्ष: मुकेश भारतीय (SBI द्वारा नियुक्त)

## भारत की सबसे बड़ी पुस्तक

- स्थान: श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र, अजमेर
- पुस्तक आयाम: 36 फीट लंबी × 24 फीट चौड़ी (18 पेज)
- विषय: जैन आचार्य विद्यानंद महाराज की जीवनी
- मान्यता: वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

## देश का पहला ई-टैक्स ऑफिसर मॉड्यूल – राजस्थान वाणिज्यिक कर विभाग

- प्रणाली: इंटीग्रेटेड टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS)
- नवाचार: ई-टैक्स ऑफिसर मॉड्यूल – केवल SGST हेतु
- लाभ: करदाता व्यापारी विभाग से डिजिटल संवाद कर सकेंगे और सूचना पुनरावलोकन और संशोधन की सुविधा मिलेगी।

## वैदिक संस्कार व शिक्षा बोर्ड का गठन

- घोषणा तिथि: 16 अप्रैल 2025
- बोर्ड का उद्देश्य: राज्य में संचालित वेद विद्यालयों, वेद पाठशालाओं व गुरुकुलों का संचालन

- पाठ्यक्रम निर्धारण व परीक्षा प्रणाली का संचालन।
- संभाग स्तर पर नवस्थापित आदर्श वेद विद्यालयों का प्रबंधन
- पहले अध्यक्ष: प्रोफेसर गणेशी लाल सुथार
- बोर्ड के सदस्य (6): प्रो. राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, डॉ. कैलाश चतुर्वेदी, प्रो. नरपत सिंह राठौड़, नरेश चंद शर्मा, भवानी शंकर शर्मा और प्रो. हरेश्वर छीपा

### राज्य स्तरीय सहकारिता समिति का गठन

- अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की गतिविधियों के क्रियान्वयन करना।
- अध्यक्ष: मुख्यमंत्री।
- समिति का सदस्य संयोजक: मुख्य सचिव
- उद्देश्य: राज्य में सहकारिता संबंधी गतिविधियों का क्रियान्वयन और समन्वय
- **सदस्य (मंत्री स्तर):** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री, ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री, सहकारिता मंत्री, नगरीय विकास व स्वायत्त शासन मंत्री
- **प्रशासनिक अधिकारी सदस्य:** वित्त और ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, विभिन्न विभागों के शासन सचिव

### "विकसित राजस्थान 2047" के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी गठन

- अध्यक्ष: मुख्य सचिव, राजस्थान
- उद्देश्य: 2047 तक विकसित राजस्थान के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना, प्रगति की निगरानी करना
- राज्य के 45 विभागों को 14 प्रमुख सेक्टर्स में वर्गीकृत किया गया।
- राज्य बजट 2024-25 में "विकसित राजस्थान" के लिए 10 संकल्प प्रस्तुत किए गए थे।

### राज्य क्रिकेट संचालन समिति

- राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा गठित
- उद्देश्य: राज्य में क्रिकेट गतिविधियों की निगरानी, संचालन व मार्गदर्शन।
- इस कमेटी में राजस्थान के पूर्व कप्तान रोहित झालानी, विनोद माथुर, दीपक जैन, कुलदीप माथुर, गगन खोड़ा, संजय व्यास और मेघा गौड़ को शामिल किया गया है।
- **राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष:** नीरज के. पवन

### "आंतरिक जागृति द्वारा आत्म-सशक्तिकरण" राष्ट्रीय संवाद

- उद्घाटन: केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह – 17 अप्रैल 2025
- स्थान: शांतिवन, ब्रह्मकुमारीज हैडक्वार्टर, आबूरोड (सिरोही)
- **उद्देश्य:** सुरक्षा बलों के मन, आत्मा और शरीर को मानसिक शांति प्रदान करना
- आंतरिक शक्ति और संतुलन के लिए संवाद कार्यक्रम

### विधायकों को ट्रस्टों/NGOs को 25 लाख तक सहायता देने की अनुमति

- विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MLALAD) के तहत।
- पहले सीमा: ₹10 लाख ⟶ जिसे बढ़ाकर ₹25 लाख
- **शर्त:**
    - संस्था/ट्रस्ट को परियोजना में स्वयं का 30% अंश देना होगा
    - 70% सहायता विधायक निधि से दी जा सकेगी
    - वार्षिक फंड: विधायकों को कुल ₹5 करोड़ प्रतिवर्ष मिलता है

### सीनियर सेकंडरी स्कूलों में 'वरिष्ठ व्याख्याता' पद सृजित

- पूर्व पद समाप्त: उप प्राचार्य (वर्ष 2022 में सृजित)
- नया पद: वरिष्ठ व्याख्याता
- पे लेवल: लेवल-14
- घोषणा: शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी

### स्थानीय निकाय प्रमुखों के मासिक भत्तों में वृद्धि

- महापौर: ₹33,396
- नगर सभापति: ₹20,038
- पालिका अध्यक्ष: ₹12,524

### प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन हेतु समिति गठन

- अध्यक्ष: पूर्व IAS ललित पंवार
- समिति का उद्देश्य: राजस्व इकाइयों (गांव, उपतहसील, तहसील) का पुनर्गठन
- कार्यकाल: 6 माह
- सदस्य: प्रमुख सचिव (राजस्व), राजस्व मंडल रजिस्ट्रार, पूर्व RAS राजनारायण शर्मा

### 'जोधपुर जीरा -1' : जीरे की स्वदेशी वैरायटी

- राजस्थान को पहली बार स्वदेशी जीरे की किस्म मिली।
- मंजूरी: केंद्रीय किस्म विमोचन समिति (CSC) द्वारा
- विकासकर्ता: जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक
- **विशेषताएँ:**
    - 22.7% अधिक उत्पादन (GC-4 किस्म की तुलना में)
    - उकठा व कालिया जैसे रोगों के प्रति अधिक प्रतिरोधकता
    - उच्च उपज व टिकाऊ किस्म

### DLB में नगर नियोजन के लिए 7 नए पद सृजित

- राजस्थान के नगरीय निकायों में सुनियोजित विकास के लिए स्वायत्त शासन विभाग में मुख्य नगर नियोजक सहित 7 नए पद अस्थायी रूप से सृजित किए गए हैं।
- इसमें अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, उप नगर नियोजक के एक-एक और सहायक नगर नियोजक व वरिष्ठ प्रारूपकार के दो-दो पद होंगे।
- ये पद 28 फरवरी, 2026 तक की अवधि के लिए सृजित किए गए हैं।

### 'Run for Equality 6' – नशा मुक्ति व समानता हेतु दौड़

- आयोजक: एकता नवनिर्माण ट्रस्ट
- उद्देश्य: नशा विरोधी जागरूकता, समाज में समानता का संदेश
- स्पर्धा : 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर

## वर्ल्ड हेल्थ समिट (WHS) 2025

- तिथि: 25–27 अप्रैल 2025
- स्थान: भारत मंडपम, नई दिल्ली
- मेजबान संस्थान: **NIMS यूनिवर्सिटी राजस्थान,** अशोका यूनिवर्सिटी , मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन
- मुख्य विषय: स्वास्थ्य समानता हेतु पहुंच बढ़ाना

## गो-आधारित वैश्विक शिखर सम्मेलन – जयपुर (30 मई–2 जून 2025)

- थीम: गो-आधारित उद्यमिता, जैविक कृषि और आधुनिक पशुपालन का प्रोत्साहन
- उद्देश्य: गौशालाओं, गौपालकों, और गौ-उद्यमिता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना।
- भागीदार: राज्य सरकारें, अनुसंधान संस्थान, वैज्ञानिक, किसान व स्टार्टअप्स

## भारत में सर्वाधिक प्रति व्यक्ति दूध खपत: राजस्थान प्रथम

- राजस्थान में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन औसत 459 ग्राम दूध की खपत होती हैं।

**राज्यवार औसत दूध खपत (प्रति व्यक्ति)**

| राज्य | खपत (ग्राम/दिन) |
|---|---|
| राजस्थान | 459 |
| पंजाब | 427 |
| हरियाणा | 400 |
| गुजरात | 375 |
| आंध्र प्रदेश | 350 |

- भारत का वैश्विक योगदान: दुग्ध उत्पादन में 25% से अधिक
- कुल उत्पादन: 230.58 मिलियन टन (विश्व में सर्वोच्च)

## राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 में राजस्थान प्रथम

- अभियान: भारत सरकार का "पोषण अभियान"
- उद्देश्य: जन-जागरूकता द्वारा पोषण सुधार को जन आंदोलन बनाना

**राज्यों के प्रदर्शन की तुलना:**

| रैंक | राज्य | जिलों की संख्या | कुल एंट्री |
|---|---|---|---|
| प्रथम | राजस्थान | 33 | 1.18 करोड़ |
| द्वितीय | छत्तीसगढ़ | 33 | 1.09 करोड़ |
| तृतीय | महाराष्ट्र | 36 | 67 लाख |

**राजस्थान में जिला स्तरीय प्रदर्शन:**

| रैंक | जिला |
|---|---|
| प्रथम | चूरू |
| द्वितीय | श्रीगंगानगर |
| तृतीय | हनुमानगढ़ |
| चतुर्थ | टोंक |
| पंचम | बीकानेर |

## मलेरिया उन्मूलन में राजस्थान: कैटेगिरी-1 राज्य

- **घोषणा करने वाली संस्था:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय
- श्रेणी: राष्ट्रीय स्तर पर "Category-1"

## परिवार कल्याण में हनुमानगढ़ जिला अग्रणी

- परिवार कल्याण में हनुमानगढ़ जिला दो बच्चों के बाद नसबंदी करवाने वालों की संख्या के संदर्भ में पहले स्थान पर है।
- हनुमानगढ़ जिले में निर्धारित लक्ष्य से अधिक 121% कार्य हुआ है।
- झालावाड़ जिला 118.7% के साथ दूसरे और बारां 112.2% लक्ष्य अर्जित करने के साथ तीसरे स्थान पर है।

## राष्ट्रीय हाईवे नेटवर्क में राजस्थान तीसरे स्थान पर

- नेशनल हाईवे नेटवर्क के संदर्भ में महाराष्ट्र (18,462 किलोमीटर) पहले स्थान पर है।
- इसके अलावा उत्तर प्रदेश (12,123 किलोमीटर) दूसरे और राजस्थान (10,733 किलोमीटर) तीसरे स्थान पर है।
- देश में टोल वसूली में उत्तर प्रदेश पहले और राजस्थान दूसरे स्थान पर है।

## फार्मर रजिस्ट्री में राजस्थान देश में प्रथम

- केंद्र सरकार की योजना: AgriStack Project
- उद्देश्य: किसानों की भूमि को आधार से जोड़ना व यूनिक किसान पहचान बनाना
- राजस्थान में प्रगति: 81.13% कार्य पूर्ण
- राज्य को ₹562 करोड़ की विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA)
- फार्मर रजिस्ट्री करने में मध्य प्रदेश दूसरे, आंध्रप्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें स्थान पर है।
- फार्मर रजिस्ट्री में राजस्थान में डीडवाना पहले स्थान पर है।
- राजस्थान के डीडवाना कुचामन जिले ने 104.25, नागौर ने 103.48 तथा कोटपूतली बहरोड़ ने 101.34 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरा स्थान किया है।
- निम्नतम प्रदर्शन: बीकानेर – 48.27%
- प्रत्येक किसान को 11 अंकों का यूनिक ID नंबर मिलेगा
- यह ID भूमि स्वामित्व, फसल बीमा, लाभार्थी पहचान आदि के लिए आधार बनेगा

## राजस्थान: पर्यटन संबंधी आँकड़े – वर्ष 2024 (सरकारी आंकड़ों के अनुसार)

| टॉप-5 विदेशी पर्यटकों वाले शहर 2024 | | टॉप-5 घरेलू पर्यटकों वाले शहर 2024 | |
|---|---|---|---|
| शहर | पर्यटक | शहर | पर्यटक |
| जयपुर | 6, 23,534 | सीकर | 2,76,61,349 |
| उदयपुर | 4, 83, 109 | चित्तौड़गढ़ | 2,41,94,865 |
| जोधपुर | 2,07,490 | अजमेर | 2,25,89,808 |
| जैसलमेर | 1,61,884 | जैसलमेर | 2,24, 16, 810 |
| अजमेर | 1,01,321 | सवाई माधोपुर | 1, 43,06,561 |

- जयपुर में 28.56% की गिरावट (2023 की तुलना में – 2,49,353 पर्यटकों की कमी)
- उदयपुर में विदेशी पर्यटक 126.52% और जोधपुर में 57.11% की वृद्धि

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य

### सुप्रीम कोर्ट का राज्यपाल और राष्ट्रपति की विधायी प्रक्रिया पर निर्णय

- सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर 'यथाशीघ्र' निर्णय की व्याख्या करते हुए स्पष्ट समय-सीमाएं निर्धारित कीं।
- यदि राज्यपाल समय-सीमा का पालन नहीं करते, तो उनकी निष्क्रियता की न्यायिक समीक्षा संभव होगी।
- कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के अंतर्गत अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए यह निर्देश जारी किया।
- यह स्पष्ट किया गया कि राज्यपाल के पास "पूर्ण वीटो" या "पॉकेट वीटो" की शक्ति नहीं है।
- यदि पुनर्विचार हेतु भेजा गया विधेयक बिना किसी बदलाव के फिर से पारित होता है, तो राज्यपाल को उसे अनिवार्य रूप से मंजूरी देनी होगी।
- राज्यपाल को राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करना होगा, न कि अपने विवेक से।

### राष्ट्रपति द्वारा आरक्षित विधेयकों पर निर्णय हेतु समय-सीमा

- तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु राज्यपाल (2023) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति को 3 महीने की समय-सीमा निर्धारित की।
- इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति अनिश्चितकाल तक निर्णय टालकर पूर्ण वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते।
- उन्हें 3 महीने में निर्णय लेना होगा और यदि देरी हो तो उसके कारण राज्य को सूचित करना अनिवार्य होगा।

### देश में जाति जनगणना होगी

- आज़ादी के बाद पहली बार जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी।
- 30 अप्रैल 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इसे मंजूरी दी।
- यह मूल जनगणना के साथ कराई जाएगी, जो कोविड-19 के कारण 2021 में स्थगित हो गई थी।
- जनगणना अधिनियम 1948 में केवल SC-ST की गिनती का प्रावधान है; जातिगत गणना के लिए संशोधन किया जाएगा।
- 2011 में मनमोहन सिंह सरकार के दौरान सामाजिक-आर्थिक व जातिगत सर्वे हुआ था, पर आंकड़े सार्वजनिक नहीं हुए।
- ब्रिटिश शासन में 1881 में पहली बार जातिगत जनगणना हुई थी, जो 1931 तक नियमित रही। 1941 में आंकड़े सार्वजनिक नहीं हुए।

### तमिलनाडु ने केंद्र-राज्य संबंधों पर नई समिति गठित की

- 15 अप्रैल 2025, तमिलनाडु सरकार ने केंद्र-राज्य संबंधों की समीक्षा के लिए 3 सदस्यीय समिति गठित की।
- अध्यक्ष – सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसेफ।
- सदस्य – पूर्व IAS अधिकारी अशोक वर्धन शेट्टी और राज्य योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम. नागनाथन।
- इससे पहले, 1969 में मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि ने राजमन्नार समिति गठित की थी इसी विषय पर।

### पहलगाम आतंकी हमला के बाद भारत सरकार के निर्णय

- पहलगाम, कश्मीर में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 28 पर्यटकों की हत्या की।
- द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) ने हमले की जिम्मेदारी ली; यह संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ है।
- 23 अप्रैल 2025 को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) ने 5 महत्वपूर्ण निर्णय लिए:

**भारत सरकार के 5 प्रमुख निर्णय:**

1. सिंधु जल संधि (1960) को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया।
2. SAARC वीज़ा छूट योजना (SVES) के तहत सभी वीज़ा निलंबित किए गए।
3. दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग से रक्षा व सैन्य सलाहकारों को निष्कासित किया गया।
4. उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या घटाकर 55 से 30 की गई (प्रभावी तिथि – 1 मई 2025)।
5. अटारी चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट का बाल तस्करी मामलों पर आदेश

- बाल तस्करी से जुड़े सभी मामलों की 6 माह में सुनवाई पूरी करने का निर्देश।
- निर्देश न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ द्वारा जारी।
- सभी उच्च न्यायालयों को अपने अधीनस्थ न्यायालयों को त्वरित सुनवाई के आदेश देने को कहा गया।
- आदेश की अनदेखी पर अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी (अनुच्छेद 129 और 215 के तहत)।

### अनुसूचित जाति उप-वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य

- तेलंगाना भारत का पहला राज्य बना जिसने SC उप-वर्गीकरण को लागू किया।
- 14 अप्रैल 2025 को 'तेलंगाना अनुसूचित जातियाँ (आरक्षण का युक्तिकरण) अधिनियम, 2025' लागू हुआ।
- यह अधिनियम 18 मार्च 2025 को विधानसभा से पारित हुआ और 8 अप्रैल 2025 को राज्यपाल की मंजूरी मिली।
- निर्णय का आधार सुप्रीम कोर्ट का 1 अगस्त 2024 का फैसला है, जिसमें SC उप-वर्गीकरण की अनुमति दी गई थी।
- 15% आरक्षण को 59 उप-जातियों में बाँटकर तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया है।

**वर्गीकरण के आधार: जनसंख्या, साक्षरता, रोजगार, शिक्षा, वित्तीय सहायता, राजनीतिक भागीदारी।**

## भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय क्वांटम रणनीति – ITES-Q (2025)

- प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय ने 14 अप्रैल 2025 को ITES-Q (International Quantum Tech Engagement Strategy) जारी की।
- यह नीति विश्व क्वांटम दिवस और IYQST 2025 (UN घोषित वर्ष) के अवसर पर प्रकाशित की गई।
- यह भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय रणनीति है जो क्वांटम विज्ञान, तकनीक और नवाचार पर केंद्रित है।
- रणनीति का उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) को वैश्विक सहयोग से बल देना है।
- **उद्देश्य:** अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा देना, प्रमुख क्षेत्रों में क्वांटम तकनीकों को अपनाना, रणनीतिक स्वतंत्रता हेतु क्वांटम सुरक्षा को सशक्त करना।

## वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 लागू

- प्रभावी तिथि: 8 अप्रैल 2025 से लागू।
- लोकसभा में पारित: 3 अप्रैल (288 पक्ष में, 232 विपक्ष में)।
- राज्यसभा में पारित: 4 अप्रैल (128 पक्ष में, 95 विपक्ष में)।
- उद्देश्य: पारदर्शिता बढ़ाना, वक्फ संपत्तियों की रक्षा, और शासन में सुधार।

**प्रमुख प्रावधान:**

- वक्फ बोर्ड अब किसी संपत्ति पर मनमाना दावा नहीं कर सकेगा।
- विवादित मामलों में न्यायालय की चुनौती संभव।
- केवल पिछले 5 वर्षों से इस्लाम धर्म का पालन करने वाला व्यक्ति ही संपत्ति वक्फ कर सकेगा।
- आदिवासी क्षेत्रों की संपत्तियाँ वक्फ घोषित नहीं की जा सकेंगी।
- वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्य व दो महिला सदस्यों की नियुक्ति अनिवार्य।
- संपत्ति वक्फ घोषित करने से पूर्व सत्यापन अनिवार्य।
- जिला कलेक्टर करेगा वक्फ संपत्ति का सर्वेक्षण व स्वामित्व निर्धारण।
- निर्णय प्रक्रिया में सभी वर्गों (पसमांदा, पिछड़े मुस्लिम, महिलाएं) को प्रतिनिधित्व।
- वक्फ संस्थाओं से अंशदान घटाकर 7% से 5% किया गया।
- ₹1 लाख से अधिक आय वाली संस्थाओं का लेखा परीक्षण अनिवार्य।

## त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025

- संसद ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पारित कर दिया है।
- इसका उद्देश्य गुजरात के आणंद में देश का पहला सहकारी केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करना है।
- यह विश्वविद्यालय सहकारी क्षेत्र की शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।
- ग्रामीण प्रबंधन संस्थान (IRMA), जिसकी स्थापना 1979 में आणंद में हुई थी, का नाम अब त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय होगा।

# 3- आर्थिक परिदृश्य

## राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) – 2025

- शुरुआत: वर्ष 2025, भारत सरकार द्वारा
- **उद्देश्य:**
  - सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, EV, बैटरी आदि तकनीकों के लिए आवश्यक खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करना
  - घरेलू खनिज खोज को बढ़ावा देना
  - आयात पर निर्भरता घटाना
- **संचालन:** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) द्वारा, खनन मंत्रालय के समन्वय से
- 2022 में गठित विशेषज्ञ समिति ने 30 महत्वपूर्ण खनिजों की सूची बनाई।
- इनमें से 24 खनिज MMDR अधिनियम, 1957 की अनुसूची-I (भाग D) में जोड़े गए।
- प्रमुख खनिज: लिथियम, कोबाल्ट, REEs, निकल, टंगस्टन, टेल्यूरियम, सिलिकॉन आदि।

## भारत का पहला स्वदेशी वृहद भाषा मॉडल (LLM)

- विकासकर्ता: सर्वम एआई, बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप
- समय सीमा: 6 माह में मॉडल तैयार करना
- **विशेषताएँ:**
  - पूरी तरह भारत में निर्मित, भारतीय इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचे के साथ
  - कई भारतीय भाषाओं व संस्कृतिक डेटा पर आधारित
  - आवाज़-आधारित कार्य और तार्किक विश्लेषण में सक्षम
  - मॉडल विकसित होगा GPT-3, GPT-4 और Meta के LLaMA की तर्ज पर
- **वृहद भाषा मॉडल (LLM):** यह एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली है जो भाषा को समझने, विश्लेषण करने और उत्पन्न करने में सक्षम होती है।

**इंडिया एआई मिशन (IndiaAI Mission)**

- शुरुआत: 7 मार्च 2024
- अवधि: 2024–2029 (5 वर्ष)
- कुल बजट: ₹10,300 करोड़
- **उद्देश्य:** भारत में AI अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, स्वदेशी एआई समाधानों को विकसित करना।

## शहरी नदी पुनर्जीवन – कार्य योजना 2025 (River Rejuvenation Action Plan 2025)

- घोषणा: 25 अप्रैल 2025, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा।
- पहल: रिवर सिटीज़ एलायंस (RCA) के अंतर्गत
- सहयोगी मंत्रालय: जल शक्ति मंत्रालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय।
- लक्ष्य: शहरी नियोजन में नदी पुनर्जीवन को मजबूती देना
- अब तक 145 शहर RCA में शामिल।

**मुख्य फोकस क्षेत्र:**

1. रिवर-सेंसिटिव मास्टर प्लानिंग (RSMP) के प्रशिक्षण
2. शहरी नदी प्रबंधन योजनाएं (URMPs) का निर्माण
3. तकनीकी टूल्स, केस स्टडी, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और ज्ञान साझा मंच का विकास

## भारत की हरित हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (GHCI) – 2025

- शुभारंभ: 29 अप्रैल 2025, नई दिल्ली
- क्रियान्वयन संस्था: नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE)
- नोडल एजेंसी: ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)
- उद्देश्य: भारत में हरित हाइड्रोजन उत्पादन हेतु प्रमाणन ढाँचा स्थापित करना
- **मुख्य लक्ष्य:** पारदर्शिता, स्रोत की पुष्टि, बाजार में विश्वास और गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
- समर्थन: यह योजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत संचालित है

## रैपिडो–श्रम मंत्रालय समझौता (MoU) – 2025

- तिथि: 29 अप्रैल 2025
- साझेदारी: श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और रैपिडो के बीच
- माध्यम: राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल (NCS)
- **लक्ष्य:**
- 1–2 वर्षों में 50 लाख आजीविका अवसर सृजित करना
- 5 लाख अवसर महिलाओं के लिए आरक्षित, जिससे लॉजिस्टिक क्षेत्र में महिला भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा

## राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान – 2025-26

- शुभारंभ: 24 अप्रैल 2025, भारत सरकार द्वारा
- लक्ष्य: भारत को वर्ष 2026 तक खसरा व रूबेला मुक्त बनाना
- भागीदारी: राज्य सरकारें और स्वास्थ्य संगठन
- **टीकाकरण आयु समूह:** 9–12 महीने और 16–24 महीने के बच्चे।
- प्रदान की जाने वाली खुराक: दो मुफ्त डोज़
- **जनवरी–मार्च 2025 के आँकड़े:** 332 जिलों में कोई खसरा मामला नहीं, 487 जिलों में रूबेला का कोई मामला नहीं।
- उपलब्धि: वर्ष 2024 में स्वास्थ्य मंत्रालय को 'खसरा-रूबेला चैंपियन अवार्ड' मिला।

## भारत का वित्त वर्ष 2024–25 में स्मार्टफोन निर्यात

- ₹2 लाख करोड़ से अधिक का स्मार्टफोन निर्यात। (अब तक का सबसे उच्चतम स्तर)
- पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि: 54% की।
- **प्रमुख योगदान:** Apple की iPhone सप्लाई चेन का कुल निर्यात में 70% योगदान रहा।

## अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना

- वित्त वर्ष 2024-25 में संयुक्त राज्य अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार बना है।

**भारत के शीर्ष 3 व्यापारिक साझेदार**

| रैंक | देश | वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार (US डॉलर में) |
|---|---|---|
| 1. | अमेरिका (USA) | 131.84 अरब डॉलर |
| 2. | चीन (China) | 127.7 अरब डॉलर |
| 3. | संयुक्त अरब अमीरात (UAE) | 100.5 अरब डॉलर |

**भारत के शीर्ष निर्यात गंतव्य (वित्त वर्ष 2024-25)**

| क्रम | देश | निर्यात मूल्य (अरब डॉलर में) | वृद्धि दर (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | 86.5 | 11.59% |
| 2 | संयुक्त अरब अमीरात | 36.6 | 2.84% |
| 3 | नीदरलैंड | 22.7 | 1.75% |
| 4 | यूनाइटेड किंगडम | 14.5 | 12% |

**भारत के शीर्ष आयात स्रोत (वित्त वर्ष 2024-25)**

| क्रम | देश | आयात मूल्य (अरब डॉलर में) | वृद्धि दर (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 113.45 | 11.52% |
| 2 | रूस | 63.8 | 4.39% |
| 3 | संयुक्त अरब अमीरात | 63.4 | 32% |
| 4 | अमेरिका | 45.3 | 7.44% |

- भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 17% बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

**क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एकीकरण (8 अप्रैल 2025 को अधिसूचना जारी)**

- केंद्र सरकार ने 11 राज्यों में 15 RRBs को मिलाकर एकीकरण की घोषणा की।
- 1 मई 2025 से प्रत्येक राज्य में केवल एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होगा।
- RRBs की संख्या 43 से घटाकर 28 कर दी जाएगी।
- यह कदम 'एक राज्य – एक आरआरबी' नीति के तहत उठाया गया है ताकि बैंकिंग व्यवस्था अधिक प्रभावशाली और सरल हो सके।

**राजस्थान:**

- राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक और बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का विलय कर राजस्थान ग्रामीण बैंक बनाया जाएगा।
- मुख्यालय: जयपुर, प्रायोजक: भारतीय स्टेट बैंक

## RBI की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा (7–9 अप्रैल 2025)

- अध्यक्षता: RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा
- नया निर्णय: रेपो दर में 0.25% की कटौती, अब नई रेपो दर – 6%
- लगातार दूसरी बार रेपो दर में कमी की गई

**वर्तमान प्रमुख दरें:**

| दर का नाम | नई दर (%) |
|---|---|
| नीति रेपो दर (Repo Rate) | 6.00 |
| रिवर्स रेपो दर | 3.25 |
| स्थायी जमा सुविधा (SDF) | 5.75 |
| सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) | 6.25 |
| बैंक दर | 6.25 |
| नकद आरक्षित अनुपात (CRR) | 4.00 |
| वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) | 18.00 |

## भारत का रक्षा निर्यात – FY 2024-25

- भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में ₹23,622 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.04% अधिक है (FY 2023-24: ₹21,083 करोड़)।
- सरकार ने 2029 तक इसे ₹50,000 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।
- इस वर्ष डीपीएसयू का निर्यात 42.85% बढ़ा और कुल योगदान इस प्रकार रहा:
  - निजी क्षेत्र: ₹15,233 करोड़
  - डीपीएसयू: ₹8,389 करोड़

## पीएम-अजय में 4,991 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित

- वित्त वर्ष 2024-25 में पीएम-अजय योजना के तहत **4,991 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित** किया गया।
- यह केंद्र प्रायोजित योजना 2021-22 में अनुसूचित जाति समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु शुरू की गई थी।
- इस योजना में तीन प्रमुख घटक शामिल हैं:
  - आदर्श ग्राम विकास
  - राज्य/जिला स्तरीय परियोजनाओं के लिए अनुदान
  - छात्रावास सुविधा
- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (2009-10) को वर्ष 2021-22 में पीएम-अजय में समाहित किया गया।
- इसमें वे गांव पात्र हैं जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 40% से अधिक हो और कुल जनसंख्या 500 या उससे अधिक हो।

## जीवंत गांव कार्यक्रम-II को मंजूरी

- 4 अप्रैल 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जीवंत गांव कार्यक्रम-II को स्वीकृति दी।
- इस योजना की अवधि 2024-25 से 2028-29 तक रहेगी और इसका बजट ₹6,839 करोड़ है।
- यह 100% केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है और गृह मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।
- यह योजना जीवंत गांव कार्यक्रम-I (2023) की पूरक है।
- इसमें 17 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं: अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर।

# 3. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## डेविस स्ट्रेट में नए महाद्वीप की खोज

- खोजकर्ता: स्वीडन और कनाडा के वैज्ञानिक
- स्थान: ग्रीनलैंड और कनाडा के बीच स्थित डेविस स्ट्रेट
- नाम: **डेविस स्ट्रेट प्रोटो-माइक्रोकॉन्टिनेंट**
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
    - लगभग 19 किमी मोटा
    - अर्ध-विभाजित
    - समुद्र में डूबा हुआ माइक्रोकॉन्टिनेंट
- **भूवैज्ञानिक महत्त्व:** प्लेट विवर्तनिकी और उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र के भूगर्भीय विकास को समझने में सहायक।
- यह भूखंड मेसोज़ोइक युग (252–66 मिलियन वर्ष पूर्व) में पैंजिया के विघटन के समय बना था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की विदेश यात्रा (अप्रैल 2025)

**1. पुर्तगाल यात्रा (7-8 अप्रैल 2025):**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पुर्तगाल की आधिकारिक यात्रा पर गईं।
- वे पुर्तगाल जाने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्रपति बनीं (पहली यात्रा: राष्ट्रपति के.आर. नारायणन, 1998)।
- लिस्बन शहर ने उन्हें "Key of Honor" सम्मान और मानद नागरिकता प्रदान की। यह शहर का सर्वोच्च सम्मान है।

**2. स्लोवाकिया यात्रा (9-10 अप्रैल 2025):**

- पिछले 29 वर्षों में किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली स्लोवाकिया यात्रा थी।
- स्लोवाकिया के नित्रा शहर में स्थित कॉन्स्टेंटाइन द फिलॉसफर विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि 'होनोरिस कौसा' प्रदान की।

## मॉरीशस ISA कंट्री पार्टनरशिप फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करने वाला पहला अफ्रीकी देश

- हस्ताक्षरकर्ता: मॉरीशस और अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस (ISA)
- अफ्रीका का पहला देश जिसने CPF पर हस्ताक्षर किए।
- वैश्विक स्तर पर चौथा देश (पहले: बांग्लादेश, भूटान, क्यूबा)
- उद्देश्य: सौर ऊर्जा क्षेत्र में ISA–मॉरीशस सहयोग को सशक्त बनाना।
- CPF: ISA द्वारा विकसित दीर्घकालिक रणनीतिक दस्तावेज, जो ऊर्जा साझेदारी के लक्ष्य और दिशा निर्धारित करता है।

## दुनिया का पहला 3D-प्रिंटेड रेलवे स्टेशन – जापान

- स्थान: हात्सुशिमा स्टेशन, अरिदा सिटी, वाकायामा प्रीफेक्चर (जापान)
- निर्माण संस्था: JR वेस्ट (West Japan Railway Company)
- **निर्माण तकनीक:** 3D प्रिंटेड, पूर्वनिर्मित घटक, Serendix कंपनी द्वारा विकसित
- निर्माण समय: 6 घंटे से भी कम

## भारत द्वारा सिएरा लियोन में दिव्यांगजनों के लिए सहायता

- सहायता राशि: 990,000 अमेरिकी डॉलर
- **उद्देश्य:** ग्रामीण दिव्यांगजनों की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, प्रशिक्षण और संसाधनों के माध्यम से सशक्तिकरण।
- प्रायोजक: भारत–संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष।
- कार्यन्वयन साझेदार: संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
- परियोजना शीर्षक: "सिएरा लियोन में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता सक्षम करना"।

## कनाडा में लिबरल पार्टी ने चुनाव जीता

- लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी कनाडा के नए प्रधानमंत्री बनेंगे।
- यह लिबरल पार्टी की कनाडा में लगातार चौथी सरकार होगी।
- हाल ही में सम्पन्न हुए आम चुनावों में पार्टी ने 343 में से 169 सीटों पर जीत दर्ज की, जो कि बहुमत के लिए आवश्यक 172 सीटों से मात्र 3 कम हैं।




- मुख्य विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी केवल 144 सीटें ही जीत सकी। इसके नेता पियरे पॉलिवर अपनी सीट हार गए।

## भारत–नेपाल पारेषण समझौता (2025)

- तिथि: 22 अप्रैल 2025
- साझेदारी: PGCIL (भारत) और NEA (नेपाल) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU)
- **उद्देश्य:** नेपाल से भारत तक बिजली का निर्बाध पारेषण सुनिश्चित करना, सीमा पार अवसंरचना विकास को बढ़ावा देना।
- दोनों देशों में दो संयुक्त उद्यम कंपनियाँ स्थापित होंगी।
- यह समझौता भारत–नेपाल ऊर्जा सहयोग को गति देगा।

## यूनेस्को द्वारा 16 नए वैश्विक जियोपार्क घोषित

- घोषणा: 17 अप्रैल 2025
- अब कुल 229 वैश्विक जियोपार्क, 50 देशों में स्थित है।
- कुल क्षेत्रफल: लगभग 8,55,000 वर्ग किमी (नामीबिया के बराबर)
- स्थान: एशिया, यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका
- **विशेषताएँ:**
    - ज्वालामुखी, प्राचीन चट्टानें, पर्वत, जीवाश्म स्थल, रेगिस्तानी भूभाग
    - अनूठी भूवैज्ञानिक विरासत के लिए मान्यता

## प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब यात्रा

- तिथि: 22–23 अप्रैल 2025
- **प्रमुख कार्यक्रम:**
  - भारत–सऊदी रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी बैठक
  - मेजबान: क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान
    - स्थापना: 2019 की मोदी की यात्रा के दौरान
  - इस परिषद में अब दो नई समितियाँ, कुल चार समितियाँ होंगी।

| नई समितियाँ | पहले से सक्रिय समितियाँ |
|---|---|
| रक्षा सहयोग पर मंत्रिस्तरीय समिति | राजनीतिक, उपभोक्ता और सुरक्षा सहयोग समिति |
| पर्यटन और सांस्कृतिक सहयोग पर समिति | अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, निवेश और प्रौद्योगिकी समिति |

## 4 प्रमुख समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर

- अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग – दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच।
- स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग।
- एंटी-डोपिंग सहयोग – भारत की नाडा और सऊदी एंटी-डोपिंग एजेंसी के बीच।
- डाक सेवाओं में सहयोग – इनवर्ड सरफेस पार्सल सेवाओं हेतु।
- **नोट:** प्रधानमंत्री ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद यात्रा बीच में ही रोकी और भारत लौट आए।

## प्रोजेक्ट चीता: बोत्सवाना से 8 नए चीते भारत लाए जाएंगे

- स्थानांतरण देश: बोत्सवाना से
- गंतव्य: गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य, मंदसौर, मध्य प्रदेश
- क्षेत्र विकास: 8,900 हेक्टेयर क्षेत्र विकसित
- कार्यन्वयन एजेंसी: राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)
- **प्रक्रिया:**
  - दो चरणों में स्थानांतरण
  - पहले चरण में 4 चीते मई 2025 में

**प्रोजेक्ट चीता की पृष्ठभूमि:**

- शुभारंभ: 17 सितंबर 2022, PM मोदी द्वारा
- स्थान: कुनो राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश
- विशेषता: विश्व की पहली चीता पुनर्स्थापना परियोजना
- लक्ष्य: 5 वर्षों में 50 चीतों का स्थानांतरण
- संचालन: केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय व NTCA

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा (2025)

- तिथियाँ: 21–24 अप्रैल 2025
- **मुख्य गतिविधियाँ:**
  - PM मोदी से भेंट – 21 अप्रैल, नई दिल्ली
  - उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा वेंस और बच्चे भी साथ थी।
  - 22 अप्रैल: जयपुर में आमेर किला भ्रमण।
  - RIC, जयपुर में व्यापार संगोष्ठी को संबोधन।
  - ताजमहल (आगरा) का भी भ्रमण।

## इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस (IBCA) समझौता

- तिथि: 17 अप्रैल 2025
- IBCA का मुख्यालय और सचिवालय भारत में स्थापित होगा
- भारत सरकार का योगदान:
  - ₹150 करोड़, 2023–24 से 2028–29 तक
  - कोष निर्माण व बुनियादी ढांचे के लिए
- **उद्देश्य:** बड़ी बिल्ली प्रजातियों (जैसे: बाघ, सिंह, चीता, तेंदुआ आदि) के संरक्षण में वैश्विक नेतृत्व करना।

## UAE को इंटरपोल गवर्नेंस समिति की अध्यक्षता मिली (2025)

- चुनाव तिथि: 11 अप्रैल 2025
- स्थान: इंटरपोल मुख्यालय, ल्यों, फ्रांस
- नवनियुक्त अध्यक्ष: लेफ्टिनेंट कर्नल दाना हुमैद अल मरजूकी (UAE)
- उन्हें इंटरपोल सदस्य देशों से 67% मत प्राप्त हुए।
- UAE ने इंटरपोल गवर्नेंस कमेटी की अध्यक्षता संभाली, जो संगठन की प्रशासनिक निगरानी और नीति निर्धारण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## अंतर-संसदीय संघ (Inter-Parliamentary Union - IPU)

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने IPU की 150वीं सभा (ताशकंद, उज्बेकिस्तान) को संबोधित किया।
- यह संसदों का वैश्विक संगठन, जो संसदीय कूटनीति, लोकतंत्र, शांति और सतत विकास को बढ़ावा देता है।
- स्थापना: 1889
- सदस्य: 182 पूर्णकालिक + 15 सहयोगी सदस्य
- मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

## ब्राजील का वैश्विक जलवायु परिषद प्रस्ताव (COP30 से पूर्व)

- प्रस्ताव: वैश्विक जलवायु परिवर्तन परिषद (Climate Change Council) की स्थापना
- उद्देश्य: COP बैठकों के निर्णयों का शीघ्र क्रियान्वयन और जलवायु कार्रवाई का समन्वय
- संदर्भ: संयुक्त राष्ट्र कॉप30 सम्मेलन, नवंबर 2025, बेलेम, उत्तरी ब्राजील
- संरचना: UNFCCC (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन) के अंतर्गत प्रस्तावित निकाय

## भारत ISAR (UNCTAD) का सदस्य चुना गया

- चयन: भारत को लेखा व रिपोर्टिंग मानकों पर संयुक्त राष्ट्र के ISAR (Intergovernmental Working Group of Experts on International Standards of Accounting and Reporting) का सदस्य चुना गया।
- कार्यकाल: 2025 से 2027
- संस्था: ISAR, UNCTAD (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) के तहत संचालित होता है।
- उद्देश्य: वैश्विक लेखांकन मानकों को बढ़ावा देना, वित्तीय स्थिरता और निवेश में पारदर्शिता लाना।

## दुबई के क्राउन प्रिंस की भारत यात्रा (8–9 अप्रैल 2025)

- व्यक्ति: शेख हमदान बिन मोहम्मद (क्राउन प्रिंस, UAE)
- भारत की पहली आधिकारिक यात्रा।

**मुख्य घोषणाएँ व समझौते:**

- IIM अहमदाबाद का विदेशी परिसर दुबई में (शुरुआत: सितम्बर 2025)
- IIFT का अंतरराष्ट्रीय केंद्र दुबई के इंडिया पैवेलियन में
- कोचीन शिपयार्ड व ड्रायडॉक्स वर्ल्ड (UAE) के बीच जहाज मरम्मत सुविधा (केरल और गुजरात)
- भारत-UAE मैत्री अस्पताल (100-बिस्तर) दुबई में
- भारत मार्ट (India Mart): UAE के DP World द्वारा निर्माण – भारतीय व्यापार के लिए वैश्विक कनेक्टिविटी

## हंगरी ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) से हटने की घोषणा की

- हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने 3 अप्रैल 2025 को घोषणा की कि उनका देश अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) से अलग हो गया है।
- उन्होंने इसे "राजनीतिक हथियार" बताते हुए यह फैसला लिया।
- यह घोषणा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आधिकारिक यात्रा के दौरान हुई, जिनके खिलाफ ICC ने गाजा में युद्ध अपराधों को लेकर गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

## छठा BIMSTEC शिखर सम्मेलन 2025

- 4 अप्रैल 2025 को बैंकॉक में BIMSTEC का छठा शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ।
- सम्मेलन का विषय था: "बिम्सटेक: समृद्ध, लचीला और खुला"।
- थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने इसकी अध्यक्षता की।
- भारत, नेपाल, म्यांमार, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका और थाईलैंड के नेताओं ने भाग लिया।
- बैंकॉक विजन 2030 को अनुमोदित किया गया और बिम्सटेक की अगली अध्यक्षता बांग्लादेश को सौंपी गई।

**प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की मुख्य बातें:**

- आपदा प्रबंधन, पारंपरिक चिकित्सा, सतत समुद्री परिवहन और कृषि अनुसंधान के लिए भारत में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होंगे।
- बिम्सटेक चैंबर ऑफ कॉमर्स और वार्षिक बिम्सटेक बिजनेस समिट की भारत में स्थापना का प्रस्ताव।
- बेंगलुरु में बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र की शुरुआत और "बोधि" नामक मानव संसाधन कार्यक्रम की घोषणा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थाईलैंड यात्रा (3-4 अप्रैल 2025)

- प्रधानमंत्री मोदी ने थाईलैंड के प्रधानमंत्री से द्विपक्षीय वार्ता की।
- दोनों देशों ने डिजिटल तकनीक, MSME, हथकरघा, आईटी और समुद्री विरासत से जुड़े 6 समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए।
- गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के विकास में सहयोग को लेकर भी सहमति बनी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 से 6 अप्रैल 2025 तक श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा की।
- कोलंबो में दोनों नेताओं के बीच रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।
- प्रधानमंत्री की उपस्थिति में रक्षा एवं ऊर्जा क्षेत्र सहित कई द्विपक्षीय समझौते किए गए।
- दोनों देशों ने सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास भी किया।
- 5 अप्रैल 2025 को **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोलंबो में श्रीलंका सरकार द्वारा 'मित्र विभूषण', जो देश का सर्वोच्च राजकीय सम्मान** है, से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान केवल विदेशी राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों को दिया जाता है।

# 5. अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### शुभांशु शुक्ला मिशन एक्सिओम-4 (Axiom-4) के तहत ISS के लिए रवाना होंगे

- तिथि: 29 मई 2025
- पहले भारतीय जो ISS तक पहुँचेंगे
- राकेश शर्मा (1984) के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे।
- मिशन संचालन: Axiom Space Inc (अमेरिका)
- लॉन्च वाहन: स्पेसएक्स का फाल्कन 9 रॉकेट, कैप्सूल: क्रू ड्रैगन
- अवधि: 14 दिन – वैज्ञानिक प्रयोग व अनुसंधान केंद्रित।
- बैकअप यात्री: ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर (भारत)

**चालक दल:**

1. पैगी व्हिटसन – मिशन कमांडर (नासा पूर्व अंतरिक्ष यात्री)
2. स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीवस्की – पोलैंड
3. टिबोर कपू – हंगरी
4. शुभांशु शुक्ला – भारत

### प्रोजेक्ट कुइपर – Amazon का ब्रॉडबैंड सैटेलाइट मिशन

- लॉन्च तिथि: 28 अप्रैल 2025, केप केनावेरल, फ्लोरिडा
- लॉन्च वाहन: एटलस V रॉकेट (ULA द्वारा)
- **लक्ष्य:** दूरदराज क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट।
- LEO (Low Earth Orbit) में 3,236 सैटेलाइट्स की तैनाती।
- प्रतिस्पर्धा: SpaceX के स्टारलिंक को चुनौती देगा।
- पहला चरण: पहले 27 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण।

### NASA का क्वांटम ग्रेविटी सेंसर – QGGPf

- नाम: Quantum Gravity Gradiometer Pathfinder (QGGPf)
- विकसित: NASA's Jet Propulsion Laboratory (JPL)
- सहयोग: निजी कंपनियों व शैक्षणिक संस्थानों के साथ
- प्रायोजन: NASA's Earth Science Technology Office (ESTO)
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - रुबिडियम परमाणुओं का उपयोग, अत्यधिक शीतलता व Quantum Interferometry तकनीक
  - पारंपरिक सेंसरों से 10 गुना अधिक संवेदनशील
- **उपयोग:** गुरुत्वाकर्षण मानचित्रण, जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन प्रबंधन, भूकंपीय निगरानी, भूगर्भीय संरचना विश्लेषण।

### निसार उपग्रह मिशन (NISAR)

- पूरा नाम: NASA–ISRO Synthetic Aperture Radar
- प्रक्षेपण: जून 2025
- विकासकर्ता: नासा और इसरो का संयुक्त मिशन
- **प्रमुख विशेषता:**
  - विश्व का पहला डुअल-फ्रीक्वेंसी SAR सैटेलाइट
  - पृथ्वी की सतह पर सूक्ष्म व धीमे परिवर्तनों की निगरानी
- **NASA का योगदान:** L-बैंड रडार, GPS प्रणाली, डेटा संग्रहण प्रणाली, रिफ्लेक्टर एंटीना।
- **ISRO का योगदान:** S-बैंड रडार, GSLV लॉन्च वाहन, अंतरिक्ष यान।

### आर्टेमिस समझौते में शामिल होने वाला 54वां देश बना

- **बांग्लादेश** 54वां देश बना।
- भारत (27वां) के बाद दूसरा दक्षिण एशियाई देश बना।
  - भारत ने: 21 जून 2023 को हस्ताक्षर किए
- **आर्टेमिस समझौता:**
  - स्थापना: 13 अक्टूबर 2020, NASA और अमेरिकी विदेश विभाग के सहयोग से।
  - उद्देश्य: चंद्रमा और गहरे अंतरिक्ष में खोज, सहयोग और शांति आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देना।

### ISRO द्वारा स्वदेशी नोजल डाइवर्जेंट (2025)

- तिथि: 18 अप्रैल 2025
- इंजन भाग: PSLV के चौथे चरण के लिए उपयोगी।
- मटेरियल: Stellite मिश्रधातु – यह आयातित Columbium (C-103) का सस्ता और कुशल विकल्प।
- **विशेषताएँ:**
  - 1100°C+ तापमान सहन करने में सक्षम।
  - थ्रस्ट का उत्पादन और दिशा नियंत्रण।
  - 90% तक अधिक किफायती।
  - रॉकेट की स्थिरता और मार्गदर्शन में महत्त्वपूर्ण भूमिका।

### ब्लू ओरिजिन की NS-31 अंतरिक्ष उड़ान

- **लॉन्च:** 14 अप्रैल 2025
- कंपनी का नाम: ब्लू ओरिजिन (जेफ बेजोस के स्वामित्व वाली अमेरिकी कंपनी)
- मिशन नाम: न्यू शेपर्ड - NS-31
- प्रक्षेपण स्थल: पश्चिमी टेक्सास, अमेरिका
- **विशेषता:**
  - छह महिलाओं का पूर्ण महिला अंतरिक्ष चालक दल।
  - रॉकेट ने पृथ्वी की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर कारमन रेखा के पार पहुंचाया।
  - यह 1963 में वैलेंटिना तेरेश्कोवा की उड़ान के बाद पहला ऐसा अभियान है, जिसमें केवल महिलाएं अंतरिक्ष में गईं।

**मिशन में शामिल महिलाएं:**

1. कैटी पेरी - अमेरिकी गायिका
2. गेल किंग - टेलीविजन एंकर
3. केरियन फ्लिन - फिल्म निर्माता
4. आइशा बोवे - नासा की पूर्व एयरोस्पेस इंजीनियर
5. अमांडा गुयेन - सामाजिक कार्यकर्ता और यौन हिंसा के खिलाफ अभियान की संस्थापक
6. लॉरेन सांचेज - पूर्व पत्रकार

### स्पेसएक्स का Fram 2 मिशन लॉन्च

- 31 मार्च 2025 को स्पेसएक्स ने क्रू ड्रैगन रेज़िलिएंस (फाल्कन 9) के ज़रिए Fram2 मिशन लॉन्च किया।
- यह पृथ्वी की ध्रुवीय कक्षा में जाने वाला पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसमें चार नागरिक अंतरिक्ष यात्रियों ने भाग लिया।
- यह मिशन 267 मील की ऊँचाई पर 90-डिग्री पोलर ऑर्बिट में 3 से 5 दिनों की यात्रा पर केंद्रित रहा।
- मिशन का उद्देश्य मानव अंतरिक्ष अनुसंधान को आगे बढ़ाना है और इसमें 22 वैज्ञानिक प्रयोग शामिल हैं, जिनमें एक्स-रे परीक्षण और माइक्रोग्रैविटी में मशरूम उगाना भी शामिल है।

**मिशन क्रू:**

- चुन वांग – माल्टीज़ क्रिप्टो उद्यमी
- जानिके मिकेलसेन – नॉर्वेजियन फिल्म निर्देशक
- राबेया रोगे – जर्मन रोबोटिक्स शोधकर्ता
- एरिक फिलिप्स – ऑस्ट्रेलियाई ध्रुवीय खोजकर्ता

### बायोमास उपग्रह मिशन (ESA, अप्रैल 2025)

- प्रक्षेपण एजेंसी: यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)
- रॉकेट: वेगा-C
- कार्यक्रम: 'पृथ्वी अन्वेषण उपग्रह मिशन' की सातवीं श्रृंखला (जलवायु एवं पृथ्वी प्रणाली कार्यक्रम के अंतर्गत)

**प्रमुख उद्देश्य:**

- अंतरिक्ष से रडार की मदद से वनों की बायोमास मात्रा और कार्बन चक्र की निगरानी
- वैश्विक वनों का 3D मानचित्रण और समय के साथ बदलावों का अध्ययन

**मुख्य विशेषताएँ:**

- P-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) का उपयोग (70 सेमी तरंगदैर्ध्य)
- वन कैनोपी और जमीन की बायोमास संरचना की स्कैनिंग के लिए विशाल रडार एंटीना
- कार्बन उत्सर्जन/अवशोषण की निगरानी; जलवायु फीडबैक लूप की समझ
- उष्णकटिबंधीय और बोरियल वन, हिम टोपी और भूभाग की निगरानी
- सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा (ऊँचाई: 666 किमी) – स्थिर प्रकाश में मापन संभव

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### रूस ने परमाणु पनडुब्बी "पर्म" लॉन्च की

- रूस ने यासेन-एम श्रेणी की नई परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी "पर्म" लॉन्च की, जो जिरकोन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस है।
- लॉन्च स्थान: सेवेरोद्विंस्क, रूस (सेवमाश शिपयार्ड)
- सेवा में शामिल होने की अनुमानित तिथि: वर्ष 2026 (प्रशांत बेड़े में)
- यह पनडुब्बी बहु-भूमिका वाली होगी और भूमि व समुद्री लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम होगी।

### चीन द्वारा गैर-परमाणु हाइड्रोजन बम का सफल परीक्षण

- चीन ने एक ऐसा हाइड्रोजन बम उपकरण विकसित किया है जो बिना परमाणु सामग्री के शक्तिशाली विस्फोट उत्पन्न करता है।
- यह बम रासायनिक प्रतिक्रियाओं पर आधारित है और पारंपरिक परमाणु बमों की तरह परमाणु विखंडन/संलयन का उपयोग नहीं करता।
- इसमें मैग्नीशियम हाइड्राइड ($MgH_2$) का उपयोग होता है, जो थर्मल डिकम्पोजीशन के माध्यम से हाइड्रोजन गैस छोड़ता है।
- हाइड्रोजन और वायुमंडलीय ऑक्सीजन की प्रतिक्रिया से अत्यधिक तापमान वाला फायरबॉल उत्पन्न होता है।
- **विशेषताएँ:**
  - वजन: 2 किलोग्राम
  - तापमान: 1000°C से अधिक (TNT विस्फोट से अधिक)
  - यह छोटे हथियार प्रणालियों (जैसे मिसाइल वॉरहेड) में फिट हो सकता है।

### भारत-फ्रांस राफेल मरीन समझौता

- यह समझौता 28 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में हुआ।
- इसके तहत भारत फ्रांस से 26 राफेल मरीन (Rafale-M) विमान खरीदेगा।
  - 22 सिंगल सीटर लड़ाकू विमान
  - 4 डबल सीटर ट्रेनर विमान
- यह परमाणु हमला करने की क्षमता सहित अत्याधुनिक हथियारों से लैस हो सकती है।
- लगभग 63,000 करोड़ रुपये (फ्रांस से अब तक की सबसे बड़ी रक्षा डील)
- भारत को आपूर्ति: 2028-29 से 2031-32 तक।
- तैनाती स्थल: INS विक्रमादित्य और INS विक्रांत
- निर्माता: डसाल्ट एविएशन (फ्रांस)
- **तकनीकी विशेषताएँ:**
  - अधिकतम गति: 2205 किमी/घंटा
  - अधिकतम ऊँचाई: 52,000 फीट

- हमले की सीमा: 3700 किमी
- ईंधन क्षमता: 11,202 किग्रा
- वजन: 15,000 किग्रा
- लम्बाई: 50.1 फीट

- **विशेष क्षमताएँ:**
  - एंटी-शिप मिसाइल, हवा से हवा और हवा से जमीन हमलों में सक्षम
  - पनडुब्बी रोधी रडार प्रणाली
  - 10 घंटे तक की उड़ान रिकॉर्डिंग प्रणाली

### DRDO द्वारा 'गौरव' ग्लाइड बम का सफल परीक्षण (8–10 अप्रैल 2025)

- परीक्षण स्थल: सुखोई-30 MKI लड़ाकू विमान से
- बम प्रकार: लंबी दूरी का ग्लाइड बम (Long-Range Glide Bomb – LRGB)
- मारक दूरी: लगभग 100 किलोमीटर
- सटीकता: उच्च स्तर की सटीकता से लक्ष्य पर वार किया
- वारहेड संयोजन: विभिन्न प्रकार के वारहेड के साथ परीक्षण; द्वीप स्थित भूमि लक्ष्य को भी निशाना बनाया गया
- **विकासकर्ता इकाइयाँ:**
  - DRDO की चांदीपुर स्थित रिसर्च सेंटर इमारत
  - आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (ARDE)
- **उद्योग भागीदारी:** अडानी डिफेंस, भारत फोर्ज, और MSMEs विकास-सह-उत्पादन साझेदार।

### DRDO द्वारा स्क्रैमजेट कम्बस्टर का सफल दीर्घकालिक परीक्षण (25 अप्रैल 2025)

- परीक्षण स्थल: स्क्रैमजेट कनेक्ट टेस्ट फैसिलिटी, हैदराबाद
- **तकनीक:** स्क्रैमजेट सबस्केल कम्बस्टर (Supersonic Combustion), सक्रिय रूप से शीतलित (actively cooled) डिजाइन।

**महत्त्व:**

- भारत के हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर।
- पिछले परीक्षण की तुलना में (जनवरी 2025 – 120 सेकंड) में बड़ी प्रगति
- प्रदर्शन समय: 1000 सेकंड से अधिक
- **विशेषताएँ:**
- स्क्रैमजेट इंजन एक वायुप्रदत्त प्रणोदन प्रणाली है।
- यह मैक 5+ (6100 किमी/घंटा से अधिक) गति वाली हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में प्रयुक्त होता है
- इसमें कोई गतिशील हिस्सा नहीं होता और यह सुपरसोनिक दहन को बनाए रखता है

### गूगल की नई चिप: आयरनवुड (Ironwood TPU)

- **पीढ़ी**: यह गूगल की सातवीं पीढ़ी की टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट (TPU) है।
- प्रकार: Application-Specific Integrated Circuit (ASIC)
- ASIC वे चिप्स होती हैं जो विशिष्ट कार्य, जैसे AI और मशीन लर्निंग, के लिए डिजाइन की जाती हैं।
- **उद्देश्य:** AI मॉडल्स को तेज़ी से रन करना।
- यह कंप्यूटर की प्रोसेसिंग यूनिट की तरह कार्य करता है, जिसे कंप्यूटर का "मस्तिष्क" माना जाता है।

### भारत द्वारा लेजर-आधारित हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण

- भारत ने पहली बार 30 किलोवाट की लेजर-आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (DEW) प्रणाली का प्रदर्शन किया।
- भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बना। (अमेरिका, रूस और चीन के बाद)
- विकासकर्ता: DRDO की इकाई CHESS, हैदराबाद
- परीक्षण स्थल: कुरनूल, आंध्र प्रदेश
- प्रयोग की गई प्रणाली: व्हीकल-माउंटेड DEW MK-II(A)
- **विशेषता:** फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइलें, और स्वार्म ड्रोन को निष्क्रिय करने में सक्षम।

### Meta ने लॉन्च किया LLaMA-4 मॉडल सीरीज़

- घोषणा तिथि: 6 अप्रैल 2025
- कंपनी: Meta (पूर्व में फेसबुक)
- मॉडल सीरीज़: LLaMA-4 (Large Language Model Suite)
- **प्रमुख मॉडल:**
  - Scout: सबसे सक्षम मल्टीमॉडल मॉडल (टेक्स्ट, इमेज, ऑडियो प्रोसेसिंग)
  - Maverick: अत्याधुनिक AI असिस्टेंट, GPT-4o और Gemini 2.0 से बेहतर बताया गया
  - Behemoth: सबसे शक्तिशाली AI “टीचर मॉडल” – अन्य मॉडलों को प्रशिक्षित करने के लिए
- उपलब्धता: Scout और Maverick मेटा की वेबसाइट पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

## अभ्यास

### अभ्यास 'आक्रमण'

- आयोजक: भारतीय वायुसेना।
- कारण: पहलगाम आतंकी हमले के बाद
- भागीदारी: पूर्वी, पश्चिमी और मध्य वायुसेना कमान
- उद्देश्य: विभिन्न युद्ध परिदृश्यों में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन

### अभ्यास डेजर्ट फ्लैग-10

- भारतीय वायुसेना ने बहुराष्ट्रीय वायुसेना अभ्यास डेजर्ट फ्लैग-10 में भाग लिया।
- यह 21 अप्रैल से 8 मई, 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में आयोजित हुआ।
- डेजर्ट फ्लैग का आयोजन यूएई वायु सेना करती है।

## ऑपरेशन अटलांटा

- हाल ही में यूरोपीय संघ नौसेना बल (EUNAVFOR) ने भारतीय नौसेना को एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करने का प्रस्ताव दिया है।
- यह अभ्यास मई 2025 के अंत में, पश्चिमी हिंद महासागर और लाल सागर क्षेत्र में 'ऑपरेशन अटलांटा' के तहत आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

## भारत–अफ्रीका समुद्री साझेदारी अभ्यास (IAMEX) – 2025

- मेजबान देश: तंजानिया
- अवधि: 13–18 अप्रैल 2025
- **चरण:**
    - हार्बर फेज़ (13–15 अप्रैल): टेबल टॉप अभ्यास, कमांड पोस्ट अभ्यास
    - सी फेज़ (16–18 अप्रैल): समुद्री सुरक्षा अभ्यास

## डस्टलिक-2025

- भारत–उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास।
- संस्करण: छठा
- 16–28 अप्रैल 2025 तक औंध (AUNDH), पुणे (भारतीय सेना के विदेशी प्रशिक्षण नोड) में।

## टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास 2025

- भारत और अमेरिका के बीच त्रि-सेवा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभ्यास है।
- इसका चौथा संस्करण 1 से 13 अप्रैल 2025 तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया।

## इंद्र-2025

- भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास इंद्र-2025 का आयोजन 28 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक किया गया।
- **अभ्यास के दो चरण:**
    - हार्बर चरण (चेन्नई): विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, जहाज यात्रा, खेल
    - समुद्री चरण (बंगाल की खाड़ी): सामरिक युद्धाभ्यास, वायु रक्षा ऑपरेशन, हेलीकॉप्टर लैंडिंग आदि

# 6. खेल परिदृश्य

## मोहन बागान सुपर जायंट्स – ISL 2024–25 चैंपियन

- फाइनल: 12 अप्रैल 2025 को कोलकाता में।
- विजेता: मोहन बागान सुपर जायंट्स। (बेंगलुरु FC को 2–1 से हराया)
- यह टीम का दूसरा ISL खिताब (पहला 2022–23 में ATK मोहन बागान के रूप में)
- 2024–25 में ISL विजेता शील्ड और खिताब एक साथ जीतने वाली दूसरी टीम बनी।
- **ISL 2024–25 पुरस्कार विजेता:**
  - गोल्डन बूट: अलादीन अजराई (नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड FC) – 23 गोल
  - गोल्डन ग्लव: विशाल कैथ (मोहन बागान सुपर जायंट्स)
  - गोल्डन बॉल: अलादीन अजराई
  - उभरते खिलाड़ी: ब्रिसन फर्नांडिस (FC गोवा)

## लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में क्रिकेट शामिल किया गया

- घोषणा तिथि: 9 अप्रैल 2025, IOC द्वारा
- फॉर्मेट: पुरुष और महिला दोनों वर्गों में T20 क्रिकेट
- टीम संख्या: प्रत्येक वर्ग में 6–6 टीमें
- इतिहास: 1900 के पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार क्रिकेट की वापसी (128 वर्ष बाद)

## दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप 2025

- आयोजन: 25–27 अप्रैल 2025
- स्थान: इंदिरा गांधी खेल परिसर, नई दिल्ली
- आयोजक: योगासन भारत, केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय व भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के सहयोग से
- **भारत का प्रदर्शन:** कुल 87 पदक (83 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य)

**पदक तालिका (शीर्ष 5 देश)**

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 83 | 3 | 1 | 87 |
| 2 | जापान | 3 | 3 | 4 | 10 |
| 3 | मंगोलिया | 1 | 11 | 6 | 18 |
| 4 | ओमान | 1 | 3 | 7 | 11 |
| 5 | नेपाल | 0 | 27 | 12 | 39 |

## मानुष शाह और दीया चितले ने WTT कंटेंडर ट्यूनिस 2025 में मिश्रित युगल खिताब जीता

- भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों मानुष शाह और दीया चितले की जोड़ी ने WTT कंटेंडर ट्यूनिस 2025 में मिश्रित युगल वर्ग का खिताब जीता।
- यह इस प्रतियोगिता में खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी है।
- **नोट:** मनिका बत्रा और साथियान ज्ञानसेकरन ने 2021 में WTT कंटेंडर बुडापेस्ट में मिश्रित युगल खिताब जीता था।
- 22-27 अप्रैल 2025 तक ट्यूनिस में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल में उन्होंने जापानी जोड़ी सोरा मत्सुशिमा और मिवा हरिमोटो को पराजित किया।

## जोशुआ चेप्टेगी व सारा चेलंगट ने टीसीएस वर्ल्ड 10क बेंगलुरु 2025 का खिताब जीता

- टीसीएस वर्ल्ड 10के बेंगलुरु 2025 का आयोजन 27 अप्रैल 2025 को कर्नाटक के बेंगलुरु शहर में किया गया।
- यह रेस वर्ल्ड एथलेटिक्स लेबल रोड रेस श्रृंखला का हिस्सा थी।
- यह इस प्रतियोगिता का 17वां संस्करण था।

**विजेता**

| अंतरराष्ट्रीय एलीट वर्ग | भारतीय एलीट वर्ग |
|---|---|
| • पुरुष वर्ग: जोशुआ चेप्टेगी (युगांडा)<br>• महिला वर्ग: सारा चेलंगट (युगांडा) | • पुरुष वर्ग: अभिषेक पाल<br>• महिला वर्ग: संजीवनी जाधव |

## ब्राज़ील को फीफा महिला विश्व कप 2027 की मेजबानी

- टूर्नामेंट संस्करण: 10वां।
- पहली बार किसी दक्षिण अमेरिकी देश को फीफा महिला विश्व कप की मेजबानी मिली।
- ब्राज़ील ने इससे पहले 1950 और 2014 में पुरुष फीफा विश्व कप की मेजबानी की थी।
- 2023 संस्करण: ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड द्वारा आयोजित, स्पेन ने इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था।

## रोहित शर्मा – टी20 क्रिकेट में 12,000 रन पूरे

- टीम: मुंबई इंडियंस
- भारत में स्थान: विराट कोहली के बाद दूसरे बल्लेबाज़।
- विश्व स्तर पर स्थान: आठवें खिलाड़ी
- टी20 में सर्वाधिक रन: क्रिस गेल – 14,562 रन (463 मैच)

## कोनेरू हम्पी

- पुणे फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स विजेता (2025)
- फाइनल जीत: बल्गेरियाई खिलाड़ी नर्ग्युल सलीमोवा के खिलाफ
- दूसरा स्थान: झू जिनर (चीन) – 7/9 अंक, पर टाईब्रेक स्कोर में पीछे
- तीसरा स्थान: भारत की दिव्या देशमुख (IM)

**ऑस्कर पियास्त्री**

- सऊदी अरब ग्रां प्री 2025 विजेता बने।
- आयोजन: 20 अप्रैल 2025 को जेद्दा कॉर्नीश सर्किट में।
- दूसरा स्थान: मैक्स वेरस्टैपेन (रेड बुल)
- तीसरा स्थान: चार्ल्स लेक्लर (फेरारी)

**ISSF विश्व कप लीमा 2025 (13–22 अप्रैल, पेरू)**

- वर्ष 2025 के ISSF कैलेंडर का दूसरा विश्व कप
- भारत का प्रदर्शन: कुल 7 पदक (2 स्वर्ण, 4 रजत, 1 कांस्य)
- भारत का स्थान: तीसरा, चीन और अमेरिका के बाद

**भारत के पदक विजेता**

**स्वर्ण पदक (2)**

1. सुरुचि सिंह – महिला 10 मीटर एयर पिस्टल
2. सौरभ चौधरी और सुरुचि सिंह – 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम

**रजत पदक (4)**

1. मनु भाकर – महिला 10 मीटर एयर पिस्टल
2. अर्जुन बाबूता – पुरुष 10 मीटर एयर राइफल
3. सिमरनप्रीत कौर बरार – महिला 25 मीटर पिस्टल (पहला विश्व कप पदक)
4. रुद्रांक पाटिल / आर्य बोरसे – 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम

**कांस्य पदक (1)**

1. सौरभ चौधरी – पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल

| स्थान | देश | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **चीन** | 4 | 3 | 6 | 13 |
| 2 | **यूएसए** | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 3 | **भारत** | 2 | 4 | 1 | 7 |

**विजडन क्रिकेटर्स अल्मनैक 2025**

- भारत के जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को वर्ष 2025 के विजडन क्रिकेटर्स ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया है।
- **जसप्रीत बुमराह**
    - विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2025
    - टेस्ट इतिहास में 20 से कम औसत से 200 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज
    - 45 टेस्ट में 204 विकेट @19.40 औसत
    - टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत की जीत में प्रमुख भूमिका
- **स्मृति मंधाना (महिला वर्ग)**
    - 2025 की विजडन महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर
    - 2024 में 1659 रन – किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक वर्ष में सर्वाधिक

**छठी एशियाई U-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 (15–18 अप्रैल, सऊदी अरब)**

- स्थान: प्रिंस नाइफ बिन अब्दुलअज़ीज़ स्पोर्ट्स सिटी, सऊदी अरब
- भारत के कुल पदक: 11 (1 स्वर्ण, 5 रजत, 5 कांस्य)
- **स्वर्ण पदक (1)**
    - हिमांशु – लड़कों की भाला फेंक स्पर्धा (थ्रो: 67.57 मीटर)
- विशेष तथ्य: भारत ने पहली बार U-18 एशियाई चैंपियनशिप में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता।

**सौरव कोठारी**

- IBSF विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप विजेता बने।
- स्थान: कार्लो, आयरलैंड
- फाइनल: सौरव कोठारी ने पंकज आडवाणी को हराया
- तीसरा स्थान: ध्रुव सीतवाला
- प्रतियोगिता के शीर्ष तीनों स्थान भारतीय खिलाड़ियों ने प्राप्त किए।

**नीरज चोपड़ा**

- पॉट इनविटेशनल ट्रैक 2025 विजेता बने।
- स्थान: पोटचेफस्ट्रूम, दक्षिण अफ्रीका
- नीरज ने 84.52 मीटर भाला फेंक कर प्रथम स्थान हासिल किया।
- प्रतियोगिता स्तर: वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर – चैलेंजर
- दूसरा स्थान – डौव स्मिट (82.44 मीटर)
- तीसरा स्थान – डंकन रॉबर्टसन (71.22 मीटर)

**तीरंदाजी विश्व कप 2025 (स्टेज 1)**

- आयोजन: ऑबर्नडेल, फ्लोरिडा (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- तिथि: 8 से 13 अप्रैल 2025
- भारत का दल: 12 सदस्यीय पुरुष एवं महिला खिलाड़ी
- भारत ने इस चरण में चार पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य) जीतकर कुल चौथा स्थान हासिल किया।

**भारत के पदक विजेता**

| स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक |
|---|---|---|
| ऋषभ यादव और ज्योति सुरेखा वेन्नम (कम्पाउंड मिश्रित टीम) | धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय, अतनु दास (पुरुष रिकर्व टीम) | धीरज बोम्मादेवरा (पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत) ऋषभ यादव, अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले (पुरुष कंपाउंड टीम) |

**पदक तालिका (शीर्ष 5 देश)**

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैक्सिको | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 2 | चीन | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 3 | USA | 1 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | भारत | 1 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | जर्मनी | 1 | 0 | 1 | 2 |

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के शुभंकर, लोगो और थीम लॉन्च

- आयोजन स्थल व तिथि: पहली बार बिहार राज्य में 4 से 15 मई 2025 तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG) का आयोजन होगा।
- इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पटना में किया जाएगा।
- इस आयोजन का लोगो, शुभंकर और थीम सॉन्ग 14 अप्रैल 2025 को लॉन्च किया गया।

**लोगो**




- रंग: केसरिया और हरा, जो भारत की सांस्कृतिक जीवंतता और ऊर्जा का प्रतीक हैं।
- **शुभंकर:** 'गजसिंह' — हाथी और शेर के मिश्रण से बना पौराणिक प्राणी।
- **थीम सॉन्ग:** "खेल के रंग, बिहार के संग" — राज्य की खेल भावना और सांस्कृतिक रंगों को समर्पित।

## मैग्नस कार्लसन

- मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम 2025 विजेता बने।
- स्थान: पेरिस।
- फाइनल में हिकारू नाकामुरा (अमेरिका) को हराया।
- अर्जुन एरिगैसी ने फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर 5वां स्थान प्राप्त किया

## हॉकी पंजाब हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 विजेता बना

- फाइनल: 15 अप्रैल 2025 को मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, झांसी (मध्य प्रदेश) में।
- फाइनल हॉकी पंजाब ने हॉकी मध्य प्रदेश को 4-1 से हराया
- पंजाब का यह 5वां राष्ट्रीय खिताब है।
- तीसरा स्थान: उत्तर प्रदेश हॉकी ने मणिपुर हॉकी को 5-1 से हराया।

## विराट कोहली टी20 में 100 अर्धशतक जड़ने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज़

- भारत के विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट में IPL 2025 में राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में अपना 100वां टी20 अर्धशतक पूरा किया।

## मैक्स वेरस्टैपेन की जापानी ग्रैंड प्रिक्स में जीत

- वेरस्टैपेन ने 2025 जापानी ग्रैंड प्रिक्स में लगातार चौथी जीत हासिल की।
- उन्होंने मैकलारेन के लैंडो नोरिस और ऑस्कर पियास्ट्री को हराया।
- उनका क्वालीफाइंग लैप नोरिस से 0.012 सेकंड तेज था।

## ISSF वर्ल्ड कप 2025 (1–10 अप्रैल, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना)

- भारत का प्रदर्शन: कुल 8 पदक (4 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य)
- पदक तालिका में स्थान: दूसरा (चीन के बाद)

**पदक विजेता (भारत):**

- स्वर्ण: विजयवीर सिद्धू, सिफ्त कौर सामरा, रुद्राक्ष पाटिल, सुरुचि सिंह
- रजत: ईशा सिंह, आर्य बोरसे/रुद्राक्ष पाटिल
- कांस्य: सौरभ चौधरी/सुरुचि सिंह, चैन सिंह
- चीन: 5 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य = 11 पदक (1st Place)

## 21वीं एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025

- यह प्रतियोगिता 25 से 30 मार्च 2025 तक अम्मान, जॉर्डन में आयोजित हुई।
- इसका आयोजन यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने किया।
- भारत ने 1 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते।
- मनीषा भानवाला ने 62 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।
- रजत पदक दीपक पूनिया (92 किग्रा), उदित (61 किग्रा), और रीतिका हुड्डा (महिला 76 किग्रा) को मिले।

## आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन 2025 जीता

- आर्यना सबालेंका ने फाइनल में जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में 7-5, 6-2 से हराया।
- इस जीत के साथ उनके कुल डब्ल्यूटीए खिताब की संख्या 19, डब्ल्यूटीए 1000 खिताब की संख्या 8, और ग्रैंड स्लैम खिताब की संख्या 3 हो गई।

## वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लिया

- 2 अप्रैल 2024 को भारतीय महिला हॉकी की स्टार खिलाड़ी वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की।
- वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में हैट्रिक बनाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं और 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाली खिलाड़ी भी रहीं।
- वह एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई खेलों में भारत की प्रमुख खिलाड़ी थीं।

## विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025

- आयोजन स्थल: फोज डू इगुआकू, ब्राजील | तिथि: 31 मार्च – 5 अप्रैल 2025
- भारत का प्रदर्शन: कुल 6 पदक (1 स्वर्ण, 1 रजत, 4 कांस्य)
- महत्वपूर्ण उपलब्धि: हितेश गुलिया विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बने।
- स्वर्ण पदक: हितेश गुलिया (70 किग्रा)
- रजत पदक: अभिनाश जामवाल (65 किग्रा)
- कांस्य पदक: जादुमणि सिंह, मनीष राठौर, सचिन, विशाल
- भारत की रैंक: पदक तालिका में उज्बेकिस्तान के बाद दूसरा स्थान

# 7. पुरस्कार एवं सम्मान

## अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट

- पुस्तक का नाम: **हार्ट लैंप**
- लेखिका: बानू मुश्ताक (कन्नड़ भाषा)
- भाषा: कन्नड़ से अंग्रेज़ी में अनुवाद – दीपा भास्थी
- यह कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक है जो अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट हुई है।
- पुस्तक में 1990 से 2023 के बीच लिखी गई 12 लघु कहानियाँ शामिल हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार:**

- केवल अंग्रेज़ी में अनूदित पुस्तकों को दिया जाता है।
- पूर्व में इसे मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार कहा जाता था।

## ब्रेकथ्रू पुरस्कार 2025

- **घोषणा:** 5 अप्रैल 2025, सांता मोनिका, कैलिफ़ोर्निया
- उद्देश्य: विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए
- **क्षेत्र:**
  - भौतिकी
  - जीवन विज्ञान
  - गणित
- इसे प्रायः "साइंस का ऑस्कर" कहा जाता है
- शुरुआत: वर्ष 2013, संस्थापक – मार्क ज़ुकरबर्ग, प्रिसिला चान और अन्य टेक उद्यमी।

**2025 ब्रेकथ्रू पुरस्कार**

| **श्रेणी** | **विजेता** | **योगदान / अनुसंधान क्षेत्र** |
|---|---|---|
| **जीवन विज्ञान** | | |
| वज़न घटाने वाली दवाओं पर शोध | डेनियल जे. ड्रकर, जोएल हैबेनेर, जेन्स जूल होल्स्ट, लोटे बिएरे क्नुडसेन, स्वेतलाना मोज़सोव | GLP-1 हार्मोन की खोज व विश्लेषण; Ozempic और Wegovy जैसी दवाओं के विकास में सहायक। |
| मल्टिपल स्क्लेरोसिस (MS) पर शोध | अल्बर्टो अशेरियो, स्टीफन एल. हॉसर | MS में B-सेल्स की भूमिका उजागर की और इसे एपस्टीन-बार वायरस से जोड़ा। |
| जीन-संपादन तकनीक | डेविड आर. लियू | बेस एडिटिंग और प्राइम एडिटिंग तकनीकों का विकास किया। |
| **मूलभूत भौतिकी** | CERN की 4 परियोजनाओं (ALICE, ATLAS, CMS, LHCb) के 13,508 वैज्ञानिक | हिग्स बोसोन, स्ट्रॉन्ग न्यूक्लियर फोर्स और मौलिक कणों पर शोध। |
| **गणित** | डेनिस गाइट्सगोरी | जियोमेट्रिक लैंगलैंड्स अनुमान को सिद्ध किया; गणित के विविध क्षेत्रों को जोड़ा। |
| **न्यू होराइजन्स पुरस्कार** | 8 उभरते शोधकर्ता | गणित और भौतिकी में उभरती प्रतिभाओं को $100,000 के 6 पुरस्कार। |
| **मरियम मिर्ज़ाखानी न्यू फ्रंटियर्स पुरस्कार** | 3 महिला पीएचडी गणितज्ञ | महिला गणितज्ञों को $50,000 के 3 पुरस्कार जो हाल ही में पीएचडी पूरी कर चुकी हैं। |

## 2025 लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार

- 21 अप्रैल 2025 को मैड्रिड, स्पेन में आयोजित एक भव्य समारोह में 2025 लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार विश्व स्तर पर सबसे प्रतिष्ठित खेल सम्मानों में से एक है।

| पुरस्कार श्रेणी | विजेता | देश | |
|---|---|---|---|
| वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार | **आर्मंड डुप्लांटिस** | स्पेन | पोल वॉल्ट |
| वर्ष का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार | **सिमोन बाइल्स** | यूएसए | [illegible] |
| लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार | **केली स्लेटर** | यूएसए | [illegible] |
| स्पोर्टिंग आइकन अवार्ड | **राफेल नडाल** | स्पेन | टेनिस |
| वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार | **Real madrid** | Spain | फुटबॉल क्लब |

## ऑस्कर 2028 में नई श्रेणी – सर्वश्रेष्ठ स्टंट डिज़ाइन

- घोषणा: अकैडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज़ द्वारा
- लागू वर्ष: 2027 में रिलीज़ फिल्मों पर
- प्रथम समावेश: 100वें ऑस्कर समारोह (वर्ष 2028)
- उद्देश्य: स्टंट कलाकारों और उनके रचनात्मक कार्य को मान्यता देना

## पायल कपाड़िया को फ्रांसीसी सम्मान

- सम्मान: ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स
- कारण: सिनेमा में योगदान और भारत की मौलिक फिल्मी आवाजों को वैश्विक स्तर तक पहुँचाना।
- **नोट:** इनकी फिल्म All We Imagine As Light को कांस फिल्म महोत्सव में ग्रांड पिक्स अवार्ड मिला।
- पूर्व सम्मानित हस्तियाँ: अमिताभ बच्चन, शाहरुख़ ख़ान, लता मंगेशकर।

## लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार 2025

- विजेता: कुमार मंगलम बिड़ला, अध्यक्ष – आदित्य बिड़ला समूह।
- संस्था: मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा।
- सम्मान की शुरुआत: वर्ष 2022, लता मंगेशकर की स्मृति में।
- सम्मान का उद्देश्य: राष्ट्र, समाज या कला क्षेत्र में असाधारण योगदान हेतु।
- पूर्व विजेता: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आशा भोसले, अमिताभ बच्चन।

## राष्ट्रीय समुद्री वरुण पुरस्कार 2025

- सम्मानित व्यक्ति: राजेश उन्नी
- योगदान: भारत के समुद्री क्षेत्र में विशिष्ट और परिवर्तनकारी योगदान हेतु
- संस्था: डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ शिपिंग (DGS) द्वारा सम्मानित।
- यह भारत के समुद्री उद्योग का सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान है।
- **उपलब्धियाँ:**
  - Synergy Marine Group के संस्थापक
  - भारतीय ध्वजवाहक जहाजों के प्रबंधन में अग्रणी
  - समुद्री उद्योग को समग्र, तकनीकी व आधुनिक समाधान प्रदान करने में प्रमुख भूमिका

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025

- आयोजन: 24 अप्रैल 2025, लोहना उत्तर ग्राम पंचायत, झंझारपुर, मधुबनी (बिहार)
- **प्रस्तुतकर्ता: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**
- **पुरस्कार राशि:**
  - प्रथम पुरस्कार: ₹1 करोड़
  - द्वितीय पुरस्कार: ₹75 लाख
  - तृतीय पुरस्कार: ₹50 लाख

**मुख्य श्रेणियाँ और विजेता:**

- **जलवायु कार्रवाई विशेष पंचायत पुरस्कार**
  - 1st: दव्वा एस ग्राम पंचायत – गोंदिया, महाराष्ट्र
  - 2nd: बिरदाहल्ली – हसन, कर्नाटक
  - 3rd: मोतीपुर – समस्तीपुर, बिहार
- **आत्मनिर्भर पंचायत विशेष पुरस्कार**
  - 1st: माल – रंगा रेड्डी, तेलंगाना
  - 2nd: हटबद्र – मयूरभंज, ओडिशा
  - 3rd: गोलापुडी – कृष्णा, आंध्र प्रदेश
- **पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार**
  - 1st: केरल स्थानीय प्रशासन संस्थान – केरल
  - 2nd: राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान – ओडिशा
  - 3rd: राज्य पंचायत और ग्रामीण विकास संस्थान – असम

## पोषण ट्रैकर ऐप को प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024

- ऐप विकासकर्ता: महिला और बाल विकास मंत्रालय (MoWCD)
- पुरस्कार: प्रधानमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार 2024
- श्रेणी: नवाचार (केंद्र)
- उद्देश्य: तकनीक और डेटा आधारित सुशासन को बढ़ावा देने में पोषण ट्रैकर की भूमिका के लिए सम्मानित।

## मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल 2023–24

- योगदान: सैन्य टोही, अन्वेषण और साहसिक अभियानों में उत्कृष्ट योगदान हेतु।
- **वर्ष 2023 के विजेता:**
  - विंग कमांडर डी. पांडा – भारतीय वायुसेना
  - इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर (रेडियो) राहुल कुमार पांडे – भारतीय नौसेना
- **वर्ष 2024 के विजेता:**
  - चीफ इलेक्ट्रिकल एयरक्राफ्ट आर्टिफिसर (रेडियो) राम रतन जाट – भारतीय नौसेना
  - सार्जेंट झूमर राम पूनिया – भारतीय वायुसेना
- **विशेष सम्मान:**
  - कर्नल रणवीर सिंह जामवाल – निदेशक, राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान, अरुणाचल प्रदेश

## मास्टर ह्यूमोर अवार्ड (2025)

- सम्मानित व्यक्ति: बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान।
- मैकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में सम्मानित किया गया।
- 9–13 अप्रैल 2025 को मैकाऊ, चीन में दिया गया।

## फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड

- प्राप्तकर्ता: सुदर्शन पटनायक – पहले भारतीय विजेता
- आयोजन: सैंडवर्ल्ड 2025, डोरसेट, इंग्लैंड (लोडमूर पार्क)
- कलाकृतियाँ: केवल रेत और पानी से बनी
- **सुदर्शन पटनायक:** पद्म श्री से सम्मानित, ओडिशा निवासी

## मेघालय को UIDAI से दो पुरस्कार (8 अप्रैल 2025)

- प्रदाता संस्था: भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)
- पुरस्कार श्रेणियाँ:

1. बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट में श्रेष्ठ प्रदर्शन
2. वयस्क आधार नामांकन सत्यापन में श्रेष्ठ कार्य

**UIDAI का परिचय:**

- अधीनस्थ मंत्रालय: इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)
- कार्य: 12 अंकों की आधार संख्या जारी करता है, जो बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय डेटा पर आधारित होती है।

## दलाई लामा को गोल्ड मर्करी अवार्ड 2025

- तिब्बती धर्मगुरु 14वें दलाई लामा को शांति, अहिंसा, ज्ञान-संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में योगदान के लिए गोल्ड मर्करी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार गोल्ड मर्करी इंटरनेशनल द्वारा दिया जाता है, जिसकी स्थापना 1961 में इटैलियन फिल्म निर्माता एडुआर्डो डी सैंटिस ने की थी।
- वर्तमान दलाई लामा तेनज़िन ग्यात्सो हैं और उन्हें 1989 में नोबेल शांति पुरस्कार भी मिल चुका है।

# 8. चर्चित व्यक्तित्व

## न्यायमूर्ति बी. आर. गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (CJI) नियुक्त

- भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 16 अप्रैल 2025 को न्यायमूर्ति बी. आर. गवई को अपना उत्तराधिकारी नामित किया।
- वे 13 मई 2025 को न्यायमूर्ति खन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

**प्रारंभिक जीवन और करियर:**

- जन्मस्थान: अमरावती, महाराष्ट्र
- नवंबर 2005: बॉम्बे हाईकोर्ट में न्यायाधीश नियुक्त
- मई 2019: सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बने

**प्रमुख न्यायिक योगदान:**

- विमुद्रीकरण की वैधता पर निर्णय (जनवरी 2023)
- SC-ST उपवर्गीकरण (अगस्त 2024)
- अनुच्छेद 370 हटाने से संबंधित वाद (2019)
- बुलडोजर कार्रवाई पर दिशा निर्देश (नवंबर 2024)

## मीराबाई चानू IWLF एथलीट्स कमीशन की अध्यक्ष बनीं

- भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWLF) ने 16 अप्रैल 2025 को मीराबाई चानू को अपने एथलीट्स कमीशन की पहली अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है।

**मीराबाई चानू**

- खेल: भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग)
- वर्ग: 49 किलोग्राम
- **मुख्य उपलब्धियाँ:**
- टोक्यो ओलंपिक 2020: रजत पदक
- **राष्ट्रमंडल खेलों में 2 स्वर्ण पदक:** 2018 (गोल्ड कोस्ट), 2022 (बर्मिंघम)

## पूनम गुप्ता

- डॉ. पूनम गुप्ता को भारतीय रिज़र्व बैंक की डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है।
- उन्होंने 1 अप्रैल 2025 से तीन वर्षों का कार्यकाल शुरू किया।
- वह इस पद को संभालने वाली चौथी महिला हैं।
- डॉ. गुप्ता आरबीआई के मौद्रिक नीति और आर्थिक एवं नीति अनुसंधान विभागों का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनी हैं।

## एन चंद्रशेखरन को IMF की सलाहकार परिषद में नियुक्ति

- टाटा संस के अध्यक्ष और आरबीआई बोर्ड के सदस्य एन चंद्रशेखरन को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की "उद्यमिता और विकास पर सलाहकार परिषद" का सदस्य नियुक्त किया गया है।
- इस परिषद का नेतृत्व IMF की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा कर रही हैं।
- इसका उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के लिए व्यापक आर्थिक नीतियों पर विशेषज्ञ परामर्श देना है।

## सुनील भारती मित्तल

- विश्व बैंक की Private Sector Investment Lab में शामिल।
- घोषणा: 23 अप्रैल 2025, वाशिंगटन डी.सी.
- Private Sector Investment Lab विश्व बैंक की पहल है।
- भारती एंटरप्राइजेज, टाटा संस के बाद यह सम्मान प्राप्त करने वाली दूसरी भारतीय कंपनी बनी

## डॉ. मांगी लाल जाट

- ICAR के नए महानिदेशक नियुक्त किए गए।
- पूर्ववर्ती: हिमांशु जैन
- अन्य पद: कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (DARE) के सचिव
- श्री मांगीलाल प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिक है।
- **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)**
  - स्थापना: 16 जुलाई 1929, "कृषि अनुसंधान की शाही परिषद" के रूप में

## जस्टिस अरुण पल्ली

- भारत के राष्ट्रपति ने जस्टिस अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है।
- यह नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित की गई है।
- वर्तमान में जस्टिस पल्ली पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं।

## कमला प्रसाद-बिसेसर

- त्रिनिदाद और टोबैगो की नई प्रधानमंत्री।
- चुनाव जीतने वाली पार्टी: यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस (UNC)
- विपक्षी पार्टी: पीपुल्स नेशनल मूवमेंट (PNM)
- प्रमुख विपक्षी नेता: स्टुअर्ट यंग (वर्तमान प्रधानमंत्री)
- कमला प्रसाद-बिसेसर का कार्यकाल: पहले 2010–2015 तक प्रधानमंत्री रह चुकी हैं।
- कमला प्रसाद त्रिनिदाद और टोबैगो देश की पहली महिला प्रधानमंत्री रही है।
- त्रिनिदाद और टोबैगो की कुल जनसंख्या का ~37% भारतीय मूल का।

## आलोक जोशी

- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) के अध्यक्ष नियुक्त किए गए।
- घोषणा तिथि: 30 अप्रैल 2025

- बोर्ड का कार्य: भारत की सुरक्षा नीति से संबंधित रणनीतिक सलाह देना
- **नवगठित बोर्ड के प्रमुख:** आलोक जोशी (पूर्व RAW प्रमुख)
- **NSAB के प्रमुख सदस्य:**
    - एयर मार्शल पी. एम. सिन्हा – पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर
    - ले. जनरल ए. के. सिंह – पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर
    - रियर एडमिरल (से.नि.) मोंटी खन्ना – भारतीय नौसेना
    - राजीव रंजन वर्मा – पूर्व आईपीएस अधिकारी
    - मनमोहन सिंह – पूर्व आईपीएस अधिकारी
    - बी. वेंकटेश वर्मा – पूर्व राजनयिक, भारतीय विदेश सेवा (IFS)

### एम. ए. बेबी बने सीपीआई-एम के 6वें महासचिव

- एम. ए. बेबी, केरल के पूर्व मंत्री को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का छठा महासचिव चुना गया।
- उन्होंने प्रकाश करात का स्थान लिया।

### शर्ली बोचवे बनीं राष्ट्रमंडल महासचिव

- घाना की शर्ली बोचवे को राष्ट्रमंडल महासचिव नियुक्त किया गया है।
- वे इस पद पर चुनी जाने वाली पहली अफ्रीकी महिला हैं।
- उन्होंने पेट्रीसिया स्कॉटलैंड का स्थान लिया, जो इस पद को संभालने वाली पहली महिला थीं।
- राष्ट्रमंडल 56 स्वतंत्र देशों का समूह है, जिनमें से अधिकांश पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं।

### जनरल ब्राइस ओलिगी नगुएमा

- गैबॉन के राष्ट्रपति बने।
- 90% से अधिक मतों से जीते।
- पृष्ठभूमि: 2023 के सैन्य तख्तापलट के बाद चुनाव हुए थे।

### डेनियल नोबोआ

- इक्वाडोर के राष्ट्रपति बने।
- चुनावों में 55.8% वोट मिले।
- पहले कार्यकाल: 2023 में अंतरिम राष्ट्रपति रहे थे।
- अब: पूर्ण 4 वर्षीय कार्यकाल के लिए निर्वाचित हुए है।

### मोहसिन नकवी ACC के नए अध्यक्ष नियुक्त

- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- वे श्रीलंका के शम्मी सिल्वा की जगह लेंगे।

## निधन

### डॉ. कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन

- निधन: 25 अप्रैल 2025
- कार्यकाल: ISRO अध्यक्ष (1994–2003)
- **प्रमुख उपलब्धियाँ:**
    - भास्कर-1 व 2 के परियोजना निदेशक
    - IRS-1A, PSLV, और GSLV के सफल लॉन्च
    - राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रारूप समिति के अध्यक्ष
    - राज्यसभा सदस्य व योजना आयोग सदस्य
    - सम्मान: पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण

### पोप फ्रांसिस (जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो)

- निधन: 21 अप्रैल 2025
- पोप निर्वाचित: 2013
- पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे।
- पहले दक्षिणी गोलार्ध से चुने गए पोप बने थे।

### कुमुदिनी लाखिया (कत्थक नृत्यांगना)

- निधन: 13 अप्रैल 2025
- योगदान: कई पीढ़ियों को कत्थक में प्रशिक्षित किया।
- **सम्मान:**
    - पद्म श्री – 1987
    - पद्म भूषण – 2010
    - पद्म विभूषण – 2024

### दारिपल्ली रामैया (पर्यावरण कार्यकर्ता)

- उपनाम: वनजीवी, चेट्टू रामैया, ग्रीन क्रूसेडर
- उपलब्धियाँ: जीवनभर 1 करोड़ से अधिक पौधारोपण
- सम्मान: पद्मश्री – 2017

### शाजी एन. करुण (फिल्म निर्देशक, मलयालम सिनेमा)

- निधन: तिरुवनंतपुरम में, आयु 73 वर्ष
- प्रमुख फिल्म: पिरवी (1988) – 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रदर्शित
- **सम्मान:** 7 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 7 केरल राज्य फिल्म पुरस्कार

### राम सहाय पांडे का निधन (8 अप्रैल 2025)

- सम्मान: पद्म श्री (2022)
- योगदान: राई नृत्य के संरक्षण और प्रचार में महत्वपूर्ण योगदान
- उल्लेखनीय कार्यक्षेत्र: पारंपरिक लोकनृत्य परंपराओं का संवर्धन

### प्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार का निधन

- 4 अप्रैल 2025 को हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का मुंबई में 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।
- उनका असली नाम हरिकिशन गिरि गोस्वामी था।
- देशभक्ति फिल्मों के कारण उन्हें 'भारत कुमार' की उपाधि मिली।
- उन्हें पद्म श्री और 2015 में 47वां दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

# 9. चर्चित स्थल

## भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे समुद्री पुल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अप्रैल 2025 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में नए पंबन रेलवे पुल का उद्घाटन किया।
- नया पुल 2.08 किमी लंबा है और रामेश्वरम द्वीप को मंडपम (मुख्य भूमि तमिलनाडु) से जोड़ता है।
- इस पुल का निर्माण रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) ने किया है।
- यह भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट (ऊर्ध्वाधर उठने वाला) रेलवे समुद्री पुल है।

## दक्षिण-पूर्व एशिया का सबसे बड़ा पायलट प्रशिक्षण संस्थान

- स्थान: अमरावती, विदर्भ क्षेत्र, महाराष्ट्र
- **सुविधाएँ:**
  - 34 प्रशिक्षण विमान
  - प्रति वर्ष 180 पायलटों को प्रशिक्षण
- लक्ष्य: भविष्य में 30,000 पायलटों को प्रशिक्षित करना

## भारत का 107वां राष्ट्रीय उद्यान

- स्थान: सिमिलिपाल, ओडिशा
- घोषणा: 24 अप्रैल 2025 की अधिसूचना
- **ओडिशा में स्थान:** दूसरा राष्ट्रीय उद्यान (भितरकनिका के बाद)
- ओडिशा का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान (क्षेत्रफल: 845.70 वर्ग किमी)

## भारत का पहला क्वांटम कंप्यूटिंग गांव

- स्थान: अमरावती, आंध्र प्रदेश
- परियोजना: क्वांटम कंप्यूटिंग विलेज
- क्षेत्रफल: 50 एकड़
- **उद्देश्य:** क्वांटम अनुसंधान, नवाचार, और इकोसिस्टम को बढ़ावा देना, शैक्षणिक व औद्योगिक संस्थानों के लिए साझा क्वांटम संसाधन।

## भारत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल

- स्थान: बैलार्ड पियर, मुंबई पोर्ट
- उद्घाटन: केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा
- परियोजना: क्रूज़ भारत मिशन के अंतर्गत
- **क्षमता:**
  - प्रतिदिन: 10,000 यात्री
  - वार्षिक: 10 लाख यात्री
- निर्माण क्षेत्रफल: 4.15 लाख वर्ग फीट

## IIM अहमदाबाद का पहला अंतरराष्ट्रीय परिसर

- स्थान: दुबई।
- घोषणा: IIM-A और UAE सरकार के बीच MoU के तहत
- उद्देश्य: भारत की उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर विस्तारित करना
- शुरुआत: सितंबर 2025 से
- कोर्स: एक वर्षीय फुल-टाइम MBA प्रोग्राम (वैश्विक पेशेवरों व उद्यमियों के लिए)

## भारत का सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल संयंत्र

- पारादीप, ओडिशा में।
- कंपनी: इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL)
- निवेश: ₹61,077 करोड़ (अब तक का सबसे बड़ा निवेश एक स्थान पर)
- **उद्देश्य:** फार्मास्युटिकल्स, एग्रोकेमिकल्स, कोटिंग्स और एडहेसिव्स के लिए पेट्रोकेमिकल उत्पादन, औद्योगिक आधारभूत ढांचे का विस्तार।

## विश्व का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट (2025)

- चांगी एयरपोर्ट (सिंगापुर)।
- घोषणा तिथि: 9 अप्रैल 2025, मैड्रिड में
- सम्मान: 13वीं बार सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट
- 2nd – हमाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दोहा (कतर)
- 3rd – टोक्यो इंटरनेशनल एयरपोर्ट (हानेडा), जापान

## हिमालयी जलवायु अनुसंधान केंद्र

- उद्घाटन: 8 अप्रैल 2025 को केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा
- स्थान: नत्थाटॉप, चेनानी, जिला उधमपुर (ऊँचाई: 2,250 मीटर)

**उद्देश्य:**

- सटीक जलवायु व मौसम पूर्वानुमान प्रदान करना
- हिमालयी उच्च ऊँचाई परिस्थितियों का अनुसंधान
- सहयोगी संस्थाएँ:
  - पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
  - जम्मू-कश्मीर वन विभाग
  - जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय
- यह केंद्र हिमालय क्षेत्र में जलवायु निगरानी को सशक्त बनाएगा।

# विविध

## भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में स्थान

- घोषणा तिथि: 17 अप्रैल 2025 (यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड बैठक, पेरिस)
- प्रमुख ग्रंथ: श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र
- भारत से कुल अभिलेख: अब तक 14 अभिलेख शामिल
- उद्देश्य: वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर का संरक्षण।

## भारत का पहला क्वांटम कुंजी वितरण (QKD) परीक्षण

- तकनीक: 4-कोर मल्टी-कोर फाइबर (MCF) आधारित

- संगठन: सी-डॉट (C-DOT) और स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (STL)
- **विशेषता:**
    - एक फाइबर में कई कोर से डेटा ट्रांसमिशन
    - कम लागत और कम स्पेस की आवश्यकता
- उद्देश्य: डेटा ट्रांसमिशन की सुरक्षा बढ़ाना और संरचनात्मक दक्षता।

### दुनिया का पहला क्वांटम-सक्षम सुरक्षा प्लेटफॉर्म

- प्लेटफॉर्म नाम: Q-Shield
- कंपनी: QNu Labs, भारत
- लॉन्च: 14 अप्रैल 2025 (विश्व क्वांटम दिवस)
- **उद्देश्य:** क्लाउड, ऑन-प्रिमाइसेस और हाइब्रिड सिस्टम में सुरक्षित क्रिप्टोग्राफी और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा।
- **QNu Labs:**
    - स्थापना: 2016, IIT मद्रास रिसर्च पार्क
    - मान्यता: राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के तहत
    - विशेषज्ञता: क्वांटम साइबर सुरक्षा समाधान

### Juspay: भारत का पहला यूनिकॉर्न स्टार्टअप (2025)

- कंपनी: Juspay (फिनटेक क्षेत्र)
- मुख्यालय: बेंगलुरु, कर्नाटक
- **उपलब्धि:**
    - वर्ष 2025 में भारत का पहला यूनिकॉर्न स्टार्टअप।
    - कंपनी का मूल्यांकन $1 बिलियन से अधिक हुआ।

### भारत में चीतों का पहला आंतरिक स्थानांतरण (rehab site to rehab site)

- तिथि: 20 अप्रैल 2025
- स्थानांतरण: पालपुर कूनो राष्ट्रीय उद्यान (मध्य प्रदेश) से गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य (मंदसौर, मध्य प्रदेश) तक।
- दूरी: लगभग 300 किलोमीटर
- **उद्देश्य:** भारत में मेटा-पॉपुलेशन प्रणाली विकसित करना।
- **पृष्ठभूमि:** 17 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए पहले चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा था।

### समुद्र प्रदक्षिणा मिशन (India, 2025)

- भारत का पहला त्रि-सेवा अखिल महिला नौकायन अभियान
- सेनाएं: थल सेना, नौसेना और वायु सेना की महिला अधिकारी शामिल
- **मार्ग और अवधि:** मुंबई ⟶ सेशेल्स ⟶ मुंबई
- कुल दूरी: 4,000 समुद्री मील
- कुल समय: 55 दिन
- पोत: IASV त्रिवेणी
- समापन: 30 मई 2025
- **उद्देश्य:** महिलाओं की समुद्री भागीदारी और कौशल को बढ़ावा, भारत-सेशेल्स द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना

### चोल युग का शिलालेख - मदुरै, तमिलनाडु में मिला

- स्थान: सोमगिरी पहाड़ियाँ, मेलवलावु, मेलूर (मदुरै ज़िला)
- समय: लगभग 1000 ईस्वी
- शासक: राजराजा चोल
- उपाधि: "राजा राजा मुमुड़िचोल" – पांड्या क्षेत्र में प्रयुक्त विशेष सम्मानसूचक उपाधि

### हरियाणा पुलिस में अग्निवीरों को 20% आरक्षण

- घोषणा: पुलिस नौकरियों में अग्निवीरों के लिए आरक्षण 10% से बढ़ाकर 20% किया गया।
- हरियाणा ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना।

**अन्य प्रावधान:**

- सस्ते ऋण की सुविधा
- निजी सुरक्षा सेवाओं में रुचि रखने वालों को बंदूक लाइसेंस में प्राथमिकता

### भारत में एथलीट पासपोर्ट प्रबंधन इकाई (APMU) की स्थापना

- उद्घाटन: 17 अप्रैल 2025, नई दिल्ली में।
- स्थान: राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (NDTL)।
- उद्देश्य: एथलीटों के जैविक पासपोर्ट की निगरानी व प्रबंधन।
- भारत 17वां देश बना, जिसने APMU स्थापित किया।

### हीमोफीलिया पर पहली मानव जीन थेरेपी परीक्षण

- **परीक्षण संस्थान:** BRIC-inStem और CMC वेल्लोर।
- उद्देश्य: हीमोफीलिया रोगियों में जीन थेरेपी का First-in-Human Trial

### इंटर-एम्स रेफरल पोर्टल का शुभारंभ

- तिथि: 10 अप्रैल 2025
- विकास संस्था: AIIMS दिल्ली
- **विशेषताएँ:**
    - चेहरे की पहचान, स्वचालित कार्यप्रवाह।
    - डिजिटल रेफरल प्रक्रिया, प्रतीक्षा समय में कमी।
- प्रारंभिक कार्यान्वयन: AIIMS दिल्ली और बिलासपुर के बीच पायलट योजना।

### टाइप 5 डायबिटीज़ को आधिकारिक मान्यता

- घोषणा: इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन कांग्रेस, बैंकॉक, 7–10 अप्रैल 2025
- पहली पहचान: 1955, जमैका
- **WHO द्वारा वर्गीकरण:**
    - ब्रोकैलकुलस पैंक्रियाटिक मधुमेह
    - प्रोटीन-कमी आधारित पैंक्रियाटिक मधुमेह

### माधवपुर घेड मेला 2025

- स्थान: माधवपुर, पोरबंदर (गुजरात)
- आयोजन: 6 से 10 अप्रैल 2025 तक।
- उद्देश्य: भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की स्मृति।

- **विशेषता:** 8 पूर्वोत्तर राज्यों की सांस्कृतिक भागीदारी (अरुणाचल, असम, मणिपुर, मिज़ोरम, मेघालय, सिक्किम, त्रिपुरा, नागालैंड)।

## मेघालय की वस्त्र कलाओं को GI टैग

| विधा | रिंडिया सिल्क | खासी हैंडलूम |
|---|---|---|
| प्रकार | जैविक, हाथ से बुना रेशम | खासी जनजातीय हैंडलूम |
| विशेषताएँ | नैतिक, प्राकृतिक रंग, उमदेन-दीवोन क्षेत्र से | विशिष्ट डिजाइन, प्राकृतिक रंग, सांस्कृतिक विरासत |
| GI टैग लाभ | कानूनी संरक्षण, बाज़ार वृद्धि | वैश्विक पहचान, परंपरा का संवर्धन |
| विधा | रिंडिया सिल्क | खासी हैंडलूम |

## 'AI किरण' प्लेटफॉर्म

- लॉन्च: किर्थिगा रेड्डी (पूर्व Meta India प्रमुख)
- लॉन्च: 21 अप्रैल 2025
- सहयोगी: भारत सरकार + अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ
- उद्देश्य: भारतीय महिलाओं को AI के क्षेत्र में मेंटरशिप (मार्गदर्शन), फंडिंग तक पहुंच, ब्लॉकचेन-प्रमाणित पहचान करना।

## कलईगनर कैविनाई थिट्टम (Kalaignar Kaivinai Thittam) योजना

- शुरुआत: तमिलनाडु सरकार 19 अप्रैल 2025, कांचीपुरम से।
- केंद्र की योजना: PM विश्वकर्मा योजना का राज्य स्तरीय विकल्प।
- लाभार्थी: 25 पारंपरिक शिल्पों से जुड़े कारीगर।
- लक्ष्य: आर्थिक सशक्तिकरण, कौशल उन्नयन, विपणन सहयोग।
- मुख्य उद्देश्य: जातीय समावेशिता व पारंपरिक कला-संरक्षण।

## पिंक ई-रिक्शा योजना

- शुरुआत: महाराष्ट्र सरकार द्वारा 21 अप्रैल 2025, पुणे से।
- संचालन: महिला एवं बाल विकास विभाग + काइनेटिक ग्रीन एनर्जी।
- लाभार्थी: 20–50 वर्ष की विधवा, तलाकशुदा, आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएँ।
- उद्देश्य: महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार।

## 'संस्कृति का पांचवा अध्याय' – पुस्तक

- विषय: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों का संकलन
- प्रस्तावना: राम बहादुर राय
- संपादन: डॉ. प्रभात ओझा
- महत्त्व: सांस्कृतिक नीति, परंपरा व राष्ट्रवाद आधारित विचार

## केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा 'ब्लू श्रेणी' की शुरुआत

- CPCB ने उद्योगों के लिए एक नया वर्गीकरण लागू किया है।
- **उद्देश्य:** पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण को सरल बनाने और पर्यावरणीय सेवाओं में सक्रिय भूमिका निभाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहन देना।
- इस संशोधित ढांचे के अंतर्गत, **"आवश्यक पर्यावरणीय सेवाओं" (Essential Environmental Services - EES) के लिए 'ब्लू श्रेणी'** बनाई गई है।
- **ब्लू श्रेणी में शामिल उद्योग:** वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र, बायोमाइनिंग इकाइयाँ।
- ब्लू श्रेणी के उद्योगों को अन्य श्रेणियों की तुलना में 2 वर्ष अतिरिक्त संचालन अवधि दी जाएगी।
- इससे कुल वैधता अवधि 7 वर्ष हो जाती है।

## भारत की ट्रेन में पहला एटीएम

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने देश में पहली बार ट्रेन में ATM स्थापित किया है।
- यह सुविधा मुंबई-मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस में शुरू की गई है।
- यह पहल रेलवे में लगाए गए पहले ATM के रूप में एक ऐतिहासिक कदम है।
- इसे यात्रियों की सुविधा के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है।

## तेलंगाना में हीटवेव को राज्य-विशिष्ट आपदा घोषित

- राज्य सरकार ने हीटवेव, सनस्ट्रोक और सनबर्न को "राज्य-विशिष्ट आपदाएँ" घोषित किया है।
- इससे प्रभावित परिवारों को SDRF से ₹4 लाख तक की सहायता दी जा सकेगी।
- IMD के अनुसार, 33 में से 28 जिलों में लगातार 15+ दिनों तक हीटवेव रही।
- अब SDRF की 10% राशि तक का उपयोग हीटवेव राहत कार्यों में किया जा सकेगा।

## एम्स दिल्ली को मिला भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल का दर्जा

- न्यूज़वीक और स्टेटिस्टा द्वारा जारी "विश्व के सर्वश्रेष्ठ अस्पताल 2024" रिपोर्ट में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली को भारत का सर्वोच्च अस्पताल घोषित किया गया है।
- इस वैश्विक सूची में एम्स को दुनिया में 97वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- वैश्विक स्तर पर, अमेरिका के मिनेसोटा में स्थित मेयो क्लिनिक को 97.51% स्कोर के साथ विश्व का सर्वोत्तम अस्पताल माना गया है।

**भारत के सर्वश्रेष्ठ अस्पताल**

| स्थान | अस्पताल | शहर | स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) | नई दिल्ली | 93.00% |
| 2 | मेदांता द मेडिसिटी | गुरूग्राम, हरियाणा | 84.93% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान | चंडीगढ़ | 82.41 |
| 4 | क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज | वेल्लोर, तमिलनाडु | 78.54% |
| 5 | ब्रीच कैंडी अस्पताल | मुंबई, महाराष्ट्र | 77.09 % |

### बनारस की शहनाई को मिला GI टैग

- वाराणसी की पारंपरिक शहनाई, जो धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में विशेष स्थान रखती है, को अब भौगोलिक संकेत (GI) टैग की मान्यता प्राप्त हो गई है।
- इसका उत्पत्ति स्थल वाराणसी (बनारस), उत्तर प्रदेश है।
- यह पारंपरिक वायु वाद्य यंत्र है।

### 'मेघयान-25' संगोष्ठी

- भारतीय नौसेना ने 14 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में 'मेघयान-25' संगोष्ठी का तीसरा संस्करण आयोजित किया।
- यह कार्यक्रम विश्व मौसम विज्ञान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ।
- उद्देश्य: समुद्री मौसम विज्ञान और समुद्र विज्ञान के प्रति जागरूकता और सहयोग को प्रोत्साहित करना

### बोहाग बिहू उत्सव

- यह असमिया नववर्ष की शुरुआत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है।
- यह उत्सव सात दिनों तक चलता है।
- बोहाग बिहू को रोंगाली बिहू या खात बिहू भी कहा जाता है।
- बोहाग बिहू 2025, 14 अप्रैल से शुरू होकर 20 अप्रैल तक मनाया गया।

### दिल्ली ने आयुष्मान भारत योजना लागू की

- दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर कर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लागू की।
- इसके साथ दिल्ली इस योजना को अपनाने वाला 35वां राज्य/केंद्रशासित प्रदेश बना।
- अब केवल पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है, जिसने यह योजना लागू नहीं की है।

### ज़ूविन पोर्टल (ZooWIN Portal) – एंटी रेबीज व एंटी स्नेक वेनम टीकों की निगरानी हेतु

- लॉन्च: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा
- विकास: राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (NCDC), MoHFW के अंतर्गत
- तकनीकी सहयोग: UNDP (संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम)
- पायलट राज्य: दिल्ली, मध्य प्रदेश, असम, पुडुचेरी, आंध्र प्रदेश

**उद्देश्य:**

- रेबीज व सर्पदंश जैसे जूनोटिक रोगों की रोकथाम व उपचार
- वैक्सीन की वास्तविक समय में उपलब्धता की निगरानी
- ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के समन्वय को बेहतर बनाना

### सौदागरी ब्लॉक प्रिंट को जीआई टैग मिला

- अहमदाबाद के जमालपुर क्षेत्र की पारंपरिक सौदागरी ब्लॉक प्रिंट कला को भौगोलिक संकेत (GI) टैग मिला है।
- यह लगभग तीन सौ वर्षों से चली आ रही एक पारंपरिक हस्तनिर्मित वस्त्र छपाई कला है।
- इसमें प्राकृतिक रंगों और पारंपरिक तकनीकों से कपड़ों पर हाथ से डिज़ाइन उकेरे जाते हैं।

### कुंभकोणम पान पत्ता और थोवलई फूल माला को GI टैग

- तमिलनाडु के दो विशिष्ट उत्पादों—कुंभकोणम पान पत्ता (थंजावुर) और थोवलई फूलों की माला (कन्याकुमारी)—को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया।
- कुंभकोणम पान पत्ता: कावेरी नदी घाटी में उगाया जाता है, जो इसे खास स्वाद और सुगंध प्रदान करता है।
- थोवलई फूलों की माला: सफेद, लाल और हरे फूलों से बनी एक विशिष्ट कलात्मक माला, जो चटाई-जैसी शैली में बुनी जाती है और तमिलनाडु-केरल क्षेत्र में प्रसिद्ध है।

### 728 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) की स्थापना

- केंद्र सरकार ने आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए 728 एकलव्य मॉडल विद्यालयों की स्थापना की घोषणा की है।
- इनमें से 440 नए विद्यालय जल्द स्थापित किए जाएंगे।
- यह पहल उन क्षेत्रों को लक्षित करेगी जहां एसटी आबादी 50% से अधिक है।
- स्कूलों का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।

## प्रमुख सम्मेलन

### खुबानी ब्लॉसम फेस्टिवल 2025

- 10 अप्रैल से 4 मई 2025 तक लद्दाख (लेह और कारगिल) में आयोजित हुआ।
- मेघालय के चेरी ब्लॉसम महोत्सव से प्रेरित है।
- उद्देश्य: लद्दाख को पर्यटक गंतव्य के रूप में प्रचारित करना और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना।
- इसका समापन तार गांव में हुआ। (2024 में "सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव" घोषित)

### ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट (GTS) 2025

- विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया द्वारा 10–12 अप्रैल 2025 को नई दिल्ली में आयोजित।
- यह भारत का प्रमुख भू-प्रौद्योगिकी मंच है।

- विषय: "संभावना" (Possibilities)।
- चर्चा के क्षेत्र: डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, AI गवर्नेंस, साइबर और अंतरिक्ष सुरक्षा, तकनीकी सहयोग।

**STREE शिखर सम्मेलन 2025**

- 15 अप्रैल को हैदराबाद सिटी सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा आयोजित।
- यह दूसरा संस्करण महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर केंद्रित है।
- विषय: लैंगिक समानता, सुरक्षा संबंधी चुनौतियाँ, और सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव।

**तटीय राज्य मत्स्य पालन सम्मेलन 2025 और 5वीं समुद्री जनगणना**

- 28 अप्रैल 2025 को मुंबई में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) की अध्यक्षता में यह सम्मेलन आयोजित हुआ।
- इसी दिन 5वीं समुद्री जनगणना की शुरुआत हुई, जिसके लिए 'व्यास-एनएवी' मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया।
    - ऐप का विकास ICAR–CMFRI, कोच्चि (केरल) द्वारा किया गया है।
- जनगणना अप्रैल से दिसंबर 2025 तक चलेगी और इसमें शामिल होंगे:
    - 9 तटीय राज्यों के 12 लाख परिवार
    - समुद्री मछली पकड़ने वाले गांव
    - मछली लैंडिंग केंद्र
- परियोजना की नोडल एजेंसी: CMFRI होगी।

**दूसरा सुफलम सम्मेलन 2025**

- आयोजन: 25-26 अप्रैल 2025, कुंडली (सोनीपत, हरियाणा)
- आयोजक: NIFTEM (राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान)
- उद्देश्य: खाद्य प्रसंस्करण में नवाचार और स्टार्टअप सहयोग को बढ़ावा देना
- प्रायोजन: केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय
- मंच के ज़रिए स्टार्टअप्स को अग्रणी कंपनियों के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर मिलता है।

**अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन – नामसाई, अरुणाचल प्रदेश**

- विषय: "बुद्ध धम्म और पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विरासत"
- आयोजक: अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय
- उद्देश्य: पूर्वोत्तर भारत में बौद्ध धर्म के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्रभावों का अध्ययन करना।

**सेना कमांडरों का सम्मेलन 2025**

- भारतीय सेना कमांडरों का सम्मेलन (ACC 2025) 1 से 4 अप्रैल 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- यह द्विवार्षिक आयोजन रक्षा रणनीति, सैन्य सुधारों और सैनिक कल्याण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श के लिए होता है।
- विशेष सत्र की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिसमें CDS और नीति आयोग के CEO सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**दूसरा स्टार्टअप महाकुंभ 2025**

- दूसरा स्टार्टअप महाकुंभ 3 से 5 अप्रैल 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- यह कार्यक्रम स्टार्टअप इंडिया @2047: अनफोल्डिंग द भारत स्टोरी विषय पर आधारित था।
- यह आयोजन नवाचार, निवेश और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु स्टार्टअप्स, निवेशकों और नीति निर्माताओं के लिए एक साझा मंच है।

# 10. इंडेक्स एवं रिपोर्ट

## पहली पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) रिपोर्ट – 2022–23

- **प्रकाशन**: पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पहली बार जारी की गई बेसलाइन रिपोर्ट।
- उद्देश्य: ग्राम पंचायतों की शासन-क्षमता का डेटा आधारित मूल्यांकन और प्रोत्साहन।
- कवरेज: 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों का प्रदर्शन, स्थानीयकृत SDG के 9 विषयों पर आधारित।
- डेटा सत्यापन: 2,16,285 पंचायतों का डेटा राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रमाणित।
- **प्रदर्शन वर्गीकरण:**
  - फ्रंट रनर: 699 पंचायतें (0.3%)
  - परफ़ॉर्मर: 77,298 पंचायतें (35.8%)
  - एस्पिरेंट : 1,32,392 पंचायतें (61.2%)
  - बिगिनर्स: 5,896 पंचायतें (2.7%)
  - अचीवर्स: 0 पंचायत (पहले चरण में)
- **शीर्ष राज्य (फ्रंट रनर पंचायतें):**
  - गुजरात: 346
  - तेलंगाना: 270
  - अन्य राज्य: महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश
- **अधिकांश 'आस्पिरेंट' पंचायतें:** बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश
- **नीति आयोग की ऑटोमोटिव क्षेत्र पर रिपोर्ट**
- शीर्षक: "ऑटोमोटिव उद्योग: वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी को सशक्त बनाना"
- प्रकाशन संस्था: नीति आयोग
- विषय: भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर की विस्तृत समीक्षा और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उपाय।
- भारत अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उत्पादक है। (चीन, अमेरिका, जापान के बाद)।

## 2025 में विश्व की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाएं (IMF रिपोर्ट – अप्रैल 2025)

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा प्रकाशित World Economic Outlook (अप्रैल 2025) में निम्नलिखित देश GDP के आधार पर शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाएं हैं:

| रैंक | देश | GDP (ट्रिलियन डॉलर) | अनुमानित GDP वृद्धि (%) | प्रति व्यक्ति GDP (USD) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त राज्य अमेरिका | $30.34 | 2.7% | 30,510 |
| 2 | चीन | $19.53 | 4.6% | 19,230 |
| 3 | जर्मनी | $4.92 | 0.8% | 4,740 |
| 4 | भारत | $4.39 | 1.1% | 4,190 |
| 5 | जापान | $4.27 | 6.5% | 4,190 |

## वैश्विक सैन्य खर्च संबंधी SIPRI रिपोर्ट 2024-25

- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक सैन्य खर्च $2,718 अरब तक पहुँच गया।
- यह आंकड़ा शीत युद्ध के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि को दर्शाता है।

**शीर्ष 5 सैन्य खर्च करने वाले देश:**

| रैंक | देश | कुल खर्च (अरब डॉलर) | वैश्विक हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त राज्य अमेरिका | $997 | 37% |
| 2 | चीन | $314 | 12% |
| 3 | रूस | $149 | 5.5% |
| 4 | जर्मनी | $88.5 | (28% वृद्धि दर) |
| 5 | भारत | $86.1 | 3.2% |

- भारत ने वर्ष 2024-25 में $86.1 अरब खर्च किए, यह 2023 की तुलना में 1.6% अधिक है।
- भारत का सैन्य खर्च पाकिस्तान से 9 गुना अधिक है।

## विश्व बैंक की स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता संक्षिप्त रिपोर्ट

### अत्यधिक गरीबी में गिरावट

- 2011-12 में अत्यधिक गरीबी दर: 16.2% → 2022-23 में: 2.3%
- कुल बाहर निकले लोग: 17.1 करोड़
- ग्रामीण क्षेत्र: 18.4% → 2.8%
- शहरी क्षेत्र: 10.7% → 1.1%
- ग्रामीण-शहरी अंतर: 7.7 प्रतिशत अंक → 1.7%

### निम्न-मध्यम आय वर्ग में गरीबी

- कुल दर (2011-12): 61.8% → 2022-23 में: 28.1%
- बाहर निकले लोग: 3.78 करोड़
- ग्रामीण क्षेत्र: 69% → 32.5%
- शहरी क्षेत्र: 43.5% → 17.2%
- ग्रामीण-शहरी अंतर: 25% → 15%

### बहुआयामी गरीबी (Multidimensional Poverty)

- 2005-06 में: 53.8% → 2022-23 में: 15.5%
- यह गैर-मौद्रिक गरीबी (Non-Monetary Poverty) के आधार पर है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) निवेश 2025

- वैश्विक AI बाजार आकार (2024): $279.22 बिलियन
- 2025–2030 के लिए अनुमानित CAGR: 35.9%

**2013–2024 के बीच एआई में कुल निवेश के आधार पर शीर्ष 10 देश:**

| स्थान | देश | कुल निवेश (अरब अमेरिकी डॉलर) |
|---|---|---|
| 1 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 470.9 |
| 2 | चीन | 119.3 |
| 3 | यूनाइटेड किंगडम | 28.2 |
| 4 | कनाडा | 15.3 |
| 5 | इज़राइल | 15.0 |
| 6 | जर्मनी | 11.3 |
| 7 | भारत | 11.1 |
| 8 | फ्रांस | 9.0 |
| 9 | दक्षिण कोरिया | 7.3 |
| 10 | सिंगापुर | 7.3 |

- भारत ने 11.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ 7 वें स्थान पर है।

## टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025

- इस रैंकिंग में एशिया के 35 देशों और क्षेत्रों के कुल 853 विश्वविद्यालय शामिल किए गए हैं।
- भारत से इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (IISc), बेंगलुरु ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देश में पहला स्थान और एशिया में 38वां स्थान हासिल किया।

**भारत के प्रमुख संस्थान और रैंकिंग:**

| रैंक | संस्थान का नाम |
|---|---|
| 38वां | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (IISc), बेंगलुरु |
| 111वां | अन्ना विश्वविद्यालय |
| 131वां | IIT इंदौर |
| 140वां | महात्मा गांधी विश्वविद्यालय |
| 146वां | शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज |
| 149वां | सवीथा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज |
| 161वां | जामिया मिलिया इस्लामिया |
| 184वां | IIT गुवाहाटी |
| 184वां | KIIT यूनिवर्सिटी |
| 188वां | अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) |
| 188वां | UPES |
| 191वां | IIT पटना |
| 191वां | NIT राउरकेला |
| 200वां | इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IIIT) हैदराबाद |

| रैंक | विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 1 | त्सिंगहुआ यूनिवर्सिटी (चीन) |
| 2 | पेकिंग यूनिवर्सिटी (चीन) |
| 3 | नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर |
| 4 | नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी |

## वैश्विक व्यापार रिपोर्ट 2025 – WTO द्वारा

- संस्था: विश्व व्यापार संगठन (WTO)
- वैश्विक व्यापार गिरावट (अनुमान): 0.2%
- यदि व्यापारिक तनाव बढ़ा: गिरावट 1.5% तक संभव

**क्षेत्रवार व्यापार प्रभाव:**

- उत्तरी अमेरिका: निर्यात में 12.6% संभावित गिरावट
- एशिया: निर्यात में 1.6% अनुमानित वृद्धि
- यूरोप: निर्यात वृद्धि सीमित (1.0%)

**भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति (2025):**

- माल निर्यात में रैंक: 14वां (हिस्सेदारी 2.2%)
- माल आयात में रैंक: 7वां (हिस्सेदारी 3.4%)
- सेवा निर्यात: 6वां स्थान (हिस्सेदारी घटकर 5.3%)
- सेवा आयात: रैंक स्थिर, हिस्सेदारी 4.1%

## नीति आयोग की रिपोर्ट: हैंड और पावर टूल्स निर्यात

- शीर्षक: Unlocking $25+ Billion Export Potential – India's Hand & Power Tools Sector
- उद्देश्य: इस क्षेत्र की वैश्विक निर्यात क्षमता को सशक्त बनाना

**वैश्विक बाजार स्थिति:**

- वर्तमान वैश्विक बाजार: $100 अरब
- 2035 तक अनुमान: $190 अरब

**भारत की वर्तमान हिस्सेदारी:**

- हैंड टूल्स: $600 मिलियन (1.8%)
- पावर टूल्स: $470 मिलियन (0.7%)
- भारत का लक्ष्य (2035 तक):
- हैंड टूल्स: वैश्विक हिस्सेदारी 25%
- पावर टूल्स: वैश्विक हिस्सेदारी 10%

## भारत का AI में वैश्विक निवेश (UNCTAD रिपोर्ट 2025)

- रिपोर्ट: 'Technology and Innovation Report 2025' (UNCTAD)
- भारत का स्थान: वर्ष 2023 में $1.4 अरब निजी निवेश के साथ 10वां स्थान
- नई तकनीकों को अपनाने में भारत: 2024 में 170 देशों में 36वां स्थान

**शीर्ष निवेशक देश:**

- अमेरिका: $67 अरब (1st)
- चीन: $7.8 अरब (2nd)

## ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2025 रिपोर्ट

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी इस रिपोर्ट में प्रमुख बिंदु:
- FY 2023-24 में कुल प्राथमिक ऊर्जा आपूर्ति (TPES) 7.8% बढ़कर 9,03,158 KTOE हुई।

- 31 मार्च 2024 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता: 21,09,655 मेगावाट
    - पवन: 11,63,856 मेगावाट
    - सौर: 7,48,990 मेगावाट
    - बड़ी पनबिजली: 1,33,410 मेगावाट
- चार राज्यों में 50% से अधिक क्षमता केंद्रित: राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक
- नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता वृद्धि (2015-2024):
    - 2015: 81,593 मेगावाट → 2024: 1,98,213 मेगावाट | CAGR: 10.36%
- कुल बिजली उत्पादन (2014-15 से 2023-24):
    - 2,05,608 GWh → 3,70,320 GWh | CAGR: 6.76%
- प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत:
    - 2014-15: 14,682 MJ → 2023-24: 18,410 MJ | CAGR: 2.55%

## राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025

- नीति आयोग द्वारा वर्ष 2022-23 के आंकड़ों पर आधारित यह रिपोर्ट प्रकाशित की गई, जिसमें 18 प्रमुख राज्यों की राजकोषीय स्थिरता का मूल्यांकन किया गया।
- इसमें उपयोग किए गए आंकड़े नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) से लिए गए हैं।

**प्रमुख निष्कर्ष:**

**'एचीवर्स' श्रेणी:**

- ओडिशा (स्कोर: 67.8), छत्तीसगढ़, गोवा, झारखंड, गुजरात

**'फ्रंट रनर्स' श्रेणी:**

- महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, कर्नाटक

**'परफॉर्मर्स' श्रेणी:**

- तमिलनाडु, राजस्थान, बिहार, हरियाणा

**'आकांक्षी' श्रेणी:**

- पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल
- वर्ष 2014-15 से 2021-22 के बीच औसतन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य: ओडिशा, गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़

## भारतीय रेलवे: सौर ऊर्जा स्थापना में राजस्थान शीर्ष पर

- फरवरी 2025 तक, भारतीय रेलवे ने 2,249 स्टेशनों और सेवा भवनों में 209 मेगावाट सौर ऊर्जा स्थापित की।

1. राजस्थान: 275 प्रतिष्ठानों के साथ शीर्ष पर
2. महाराष्ट्र: 270
3. पश्चिम बंगाल: 237

## नेटवर्क तत्परता सूचकांक 2025

- UNCTAD की प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट 2025 के अनुसार भारत 170 देशों में 36वें स्थान पर रहा, जो 2022 में 48वां था।
- भारत ने अग्रणी तकनीकों को अपनाने और एकीकृत करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

**भारत की स्थिति (मुख्य संकेतक):**

| संकेतक | रैंकिंग |
|---|---|
| नेटवर्क तत्परता रैंक | 36वां (2022 में 48वां) |
| ICT | 99वां |
| कौशल | 113वां |
| अनुसंधान एवं विकास | 3rd |
| औद्योगिक क्षमता | 10वां |
| वित्त | 70वां |
| AI निवेश | 10वां (1.4 अरब डॉलर) |

# 11. महत्वपूर्ण दिवस

| दिनांक | दिवस का नाम | उद्देश्य / महत्व | 2025 की थीम (यदि लागू हो) |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल | उत्कल दिवस (ओडिशा स्थापना दिवस) | 1936 में ओडिशा राज्य के गठन की स्मृति में; भारत का पहला भाषाई राज्य | — |
| 2 अप्रैल | विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस | ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार के प्रति जागरूकता बढ़ाना | "न्यूरोडायवर्सिटी को आगे बढ़ाना और SDG" |
| 4 अप्रैल | अंतर्राष्ट्रीय खदान जागरूकता दिवस | भूमि खदानों के खतरे और मानवीय सुरक्षा पर प्रभाव को उजागर करना | "सुरक्षित भविष्य यहीं से शुरू होता है" |
| 5 अप्रैल | राष्ट्रीय समुद्री दिवस | भारतीय समुद्री क्षेत्र के योगदान का सम्मान | — |
| 5 अप्रैल | समता दिवस (बाबू जगजीवन राम जयंती) | सामाजिक समानता और न्याय के लिए बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि | — |
| 6 अप्रैल | विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस | खेल के ज़रिए शांति, समानता और समावेशन को बढ़ावा देना | "Leveling the Playing Field: Sport for Social Inclusion" |
| 7 अप्रैल | विश्व स्वास्थ्य दिवस | स्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना | "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य" |
| 10 अप्रैल | महावीर जयंती | जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती | — |
| 10 अप्रैल | विश्व होम्योपैथी दिवस | होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुएल हैनीमैन की जयंती पर मनाया जाता है | — |
| 11 अप्रैल | राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस | गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर जागरूकता | "स्वस्थ शुरुआतें, आशावान भविष्य" |
| 11 अप्रैल | विश्व पार्किंसन दिवस | डॉ. जेम्स पार्किंसन को समर्पित; पार्किंसन रोग के प्रति जागरूकता | — |
| 12 अप्रैल | अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस | यूरी गगारिन द्वारा पहली मानव अंतरिक्ष यात्रा (1961) की स्मृति में | — |
| 13 अप्रैल | सियाचिन दिवस | 1984 में ऑपरेशन मेघदूत की सफलता; सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना का नियंत्रण | — |
| 14 अप्रैल | अग्निशमन सेवा दिवस | अग्निशमन सेवाओं के सम्मान और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता | — |
| 14 अप्रैल | अंबेडकर जयंती | डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती; संविधान निर्माता व सामाजिक न्याय के प्रतीक | — |
| 15 अप्रैल | विश्व कला दिवस | लियोनार्डो दा विंची की जयंती पर; कला, शांति और रचनात्मकता का उत्सव | "Art for Unity and Healing" |
| 15 अप्रैल | हिमाचल दिवस | 15 अप्रैल 1948 को हिमाचल का गठन; 1971 में पूर्ण राज्य बना | — |
| 18 अप्रैल | विश्व धरोहर दिवस | सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के महत्व पर जागरूकता | "आपदाओं और संघर्षों से खतरे में धरोहर: तैयारी और ICOMOS की 60 वर्षों की सीख" |
| 19 अप्रैल | विश्व लीवर दिवस | लीवर रोगों के प्रति जागरूकता और रोकथाम के उपायों का प्रचार | — |
| 21 अप्रैल | राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस | सरदार पटेल के "इस्पाती ढांचा" संबोधन की स्मृति में; सिविल सेवाओं के योगदान का सम्मान | — |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 अप्रैल | विश्व पृथ्वी दिवस | पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता | "Our Power, Our Planet" |
| 23 अप्रैल | अंग्रेजी भाषा दिवस | अंग्रेजी भाषा के महत्व और विलियम शेक्सपियर की स्मृति में; संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित | — |
| 24 अप्रैल | राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस | 73वें संविधान संशोधन अधिनियम (1993) के लागू होने की वर्षगांठ; पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिला | — |
| अप्रैल अंतिम सप्ताह | विश्व टीकाकरण सप्ताह | टीकों के महत्व और रोगों से सुरक्षा हेतु वैश्विक जन-जागरूकता | "सभी के लिए टीकाकरण मानवीय रूप से संभव है।" |
| 25 अप्रैल | विश्व मलेरिया दिवस | मलेरिया की रोकथाम और उन्मूलन के प्रयासों को बढ़ावा देना | "मलेरिया का अंत हमारे साथ: पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनःप्रज्वलन" |
| 26 अप्रैल | विश्व बौद्धिक संपदा दिवस | नवाचार व रचनात्मकता में IP की भूमिका को रेखांकित करना | "IP and Music: Feel the Beat of IP" |
| 26 अप्रैल | अंतर्राष्ट्रीय चेरनोबिल आपदा स्मरण दिवस | 1986 की परमाणु दुर्घटना के पीड़ितों को सम्मान और वर्तमान चुनौतियों पर जागरूकता | — |
| 28 अप्रैल | कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस | कार्यस्थलों पर सुरक्षा, दुर्घटना और रोग की रोकथाम पर बल देना | "स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव: AI और डिजिटलीकरण" |
| 30 अप्रैल | अंतरराष्ट्रीय जैज़ दिवस | वैश्विक संगीत सहयोग और जैज़ के महत्व को बढ़ावा देना | — |
| 30 अप्रैल | आयुष्मान भारत दिवस | निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की जागरूकता और आयुष्मान भारत योजना का प्रचार | — |

**7वाँ पोषण पखवाड़ा (8-22 अप्रैल 2025)**

- शुभारंभ: केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा।
- पहल: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा।
- **उद्देश्य:** गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों व 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों में कुपोषण को कम करना।

# Samyak
An Institute For Civil Services

**RAS-2021 RESULT**

राजस्थान में पहली बार
**TOP 10 में 9 TOPPERS**




TOTAL **650+** Selection

# IAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# RAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# PSI
## PAPER 1st & PAPER 2nd

ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP

SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

- Live & Recorded Classes
- Test Series & Solution
- Personal Mentorship
- Toppers' Strategic Sessions

## Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services
शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता

**राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग**

गुरुकुल की सुविधाएँ


विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन



गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन


योग प्राणायाम


सेपरेट हॉस्टल (Boys / Girls)


आधुनिक क्लासरूम


लाइब्रेरी




**HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111**